तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 25 अगस्त 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




13 बच्चों की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत




न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मियों का तबादला

**भिलाई।** आईजी रामगोपाल गर्ग ने शुक्रवार को 44 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। आदेश में 10 एएसआई, 15 प्रधान आरक्षक और 19 आरक्षकों के नाम शामिल हैं। सभी को एक जिले से दूसरे जिला भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर लोग अपना ट्रांसफर रुकवाने की जुगत में लग गए हैं। जारी लिस्ट के मुताबिक जिन 10 एएसआई को इधर से उधर भेजा गया है। उसमें एक दुर्ग, तीन बेमेतरा और 6 एएसआई बालोद जिले से शामिल हैं। इसके साथ ही दुर्ग से दो, बेमेतरा से 4, बालोद से 9 सहित 15 प्रधान आरक्षकों और 10 दुर्ग से, 6 बालोद और तीन बेमेतरा सहित 19 आरक्षकों को तबादला इधर से उधर किया गया है।

### पूर्व सीएम ने दुर्ग एसपी को कहा गुंडा, भूपेश मांगे माफी: रिकेश सेन

**भिलाई।** देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस के प्रदर्शन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा दुर्ग एसपी के लिए गुंडा शब्द का प्रयोग करने पर पूरा पुलिस महकमा हतप्रभ हैं। इसी बीच पूर्व सीएम पुलिस के जिम्मेदार अफसर ऐसे अपशब्द का प्रयोग करने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कांग्रेस नेता भूपेश बघेल को तत्काल दुर्ग एसपी से माफी मांगने की मांग की है। श्री सेन ने अपने बयान में कहा कि भूपेश, आपने दुर्ग जिले के एसपी को गुंडा कहा है, बड़ा तकलीफ होता होगा क्योंकि आपके कांग्रेस के कार्यकर्ता जिस प्रकार से वैशाली नगर विधानसभा और पूरे दुर्ग जिले में सट्टा चला रहे थे, अवैध कबाड़ी का काम कर रहे थे, जिसे रोकने का काम दुर्ग जिले के एसपी ने किया है। पूरे जिले में एक भी जगह बता दीजिये जहां पर सट्टा चलता हो, एक भी जगह मुझे बता दीजिए जहां पर कबाड़ी का अवैध व्यापार चल रहा हो। एक भी जगह ऐसी बता दीजिये जहां पर न्यूसेंस हुआ हो। आपको मैं बता देना चाहता हूं भूपेश बघेल, आपने पुलिस विभाग का मनोबल गिराने का काम किया है। आपने कहीं न कहीं पुलिस कर्मचारी, जो रात दिन हम सबकी सुरक्षा में लगे रहते हैं। दुर्ग जिले की पब्लिक जो चैन की नींद सोती है। उसमें अगर किसी को सबसे बड़ा श्रेय जाता है तो वह पुलिस विभाग को, जो हमेशा तैनात रहते हैं।

**प्रदर्शन:** बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेन्द्र की गिरफ्तारी का विरोध

# बेरीकेट्स तोड़ने कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच हुई जमकर झूमा-झटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



हिन्दी भवन के सामने धरना, राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बलौदाबाजार हिंसा के आरोप में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी ने धरना-प्रदर्शन किया। धरने के बाद प्रदर्शनकारी पटेल चौक तक पहुंचे। यहां पर भारी पुलिस बल लगाया गया था। प्रदर्शनकारियों ने जहां बनाए गए दो बेरीकेट्स में एक को तोड़ने में कार्यकर्ता कामयाब हो गए। इस बीच पुलिस जवानों से जमकर झूमांझटकी भी हुई। एक गेट तोड़ने के बाद दूसरे गेट भी तोड़ने का प्रयास किए गए। लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। यहां ज्ञापन देकर कांग्रेसी वापस लौट गए।बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में आगजनी के आरोप में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई की मांग को लेकर कांग्रेस संगठन द्वारा जमकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा का एंजेट बनकर पुलिस काम कर रही है। उन्होने आगजनी मामले में भाजपा और पुलिस की मिलीभगत होने का आरोप लगाते हुए कहा कि, इसलिए ही भाजपा सतनामी समाज के मांग बाद भी सीबीआई जांच नहीं करा रही है।

हिन्दी भवन के सामने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में बडी संख्या में एनएसयूआई के सैकड़ों युवा, दुर्ग व भिलाई संगठन के नेता व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। प्रदर्शन के प्रभारी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बिहार से तीन मजदूर पानी टंकी बनाने आए थे, उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होने सवाल उठाया कि पता चला है कि आगजनी के पहले 250 से 300 की संख्या में वाहनों से भरकर नागपुर के लोग यहां आए थे। इसका पुलिस आज तक जांच नहीं कर पाई हैं। विगत दस जून को बलौदाबाजार में जैतखाम को किसने नुकसान पहुंचा, यह भी पुलिस अब तक जांच नहीं कर पाई है और सतनामी समाज के बेगुनाहों को गिरफ्तार कर रही है। आगे कहा कि, पुलिस की आतंक इस कदर बढ गई कि, कल आधी रात को घर में सो रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने प्रदेश में कानून आरोप लगाते हुए कहा रायगढ़ जो वित्तमंत्री ओपी चौधरी का निर्वाचन जिला में राखी पर्व के दिन एक बच्ची से चौदह लोगों ने बलात्कार किया और मृत समझकर चले गए। प्रदेश में बहू-बेटी सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस की सत्ता जाने के महज छः माह में ही कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय में आगजनी होना दुर्भाग्यजनक है।

पुलिस सरकारी कार्यालय की सुरक्षा नहीं कर पा रही है तो आम लोगों की सुरक्षा क्या करेगी। आगजनी हिन्दुस्तान की यह पहली घटना होगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व मेयर नीता लोधी, दुर्ग निगम सभापति राजेश यादव, मेयर निर्मल कोसरे, मुकेश चंद्राकर, मेयर धीरज बाकलीवाल, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, राकेश यादव, भिलाई मेयर नीरज पाल व शशि सिन्हा, ऋषभ जैन बाबू, संदीप निरंकारी गया पटेल, आरएन वर्मा, मोहित वालदे, आयुष शर्मा, संदीप वोरा, शंकर ताम्रकार, आदित्य सिंह, शिवेन्द्र यादव, मंदीप भाटिया, गनी खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस उपस्थित थे।

### बघेल ने एसपी पर कसा सीधा तंज

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आज सुबह वे घर से निकल रहे थे। तब बजरंग दल के गुंडो ने उन्हे घेर लिया। उन्होने इस पर सीधे एसपी जितेन्द्र शुक्ला पर तंज कसते हुए कहा कि साहब यह दुर्ग हैं। यहां भारत हैं तब तक ठीक है। अगर किसी को परेशान किया तो महाभारत भी हो सकता है। उन्होने कहा हमें सुरक्षा देना पुलिस की जिम्मेदारी हैं, लेकिन मुझे ही घर से निकलने से रोका जा रहा है।

### विधायक बयान देने गए थे

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बलौदा बाजार पुलिस कहती है कि, विधायक देवेन्द्र बयान देने नहीं आ रहे थे। जबकि विधायक हमें बताकर बयान देने गए। लेकिन पुलिस उन्हें दो-दो घंटे थाने में बैठाए रखी। उन्होने कहा पुलिस जितना धारा जानती थी, सभी धाराएं लगाई है। यहां तक कि हत्या की भी धाराएं लगा दी है। उन्होने कहा जिले में दूसरे प्रदेश के गुंडे आकर फिरौती मांग रहे है। भिलाई, रायगढ से लेकर बिलासपुर तक चाकूबाजी हो रही है।

# किशोरी का शारीरिक शोषण 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्कूल जाने को निकली किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी को धारा 366 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4(1) के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास,1000 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी। संतोष कसार ने बताया कि किशोरी और आरोपी अभिषेक कश्यप निवासी खुर्सीपार, जिला गोरखपुर हाल मुकाम अटल आवास आम्रपाली थाना जामुल की आपस में जान पहचान थी। 10 दिसंबर 2022 को किशोरी प्रैक्टिकल कॉपी लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसे आरोपी अभिषेक कश्यप मिला और उसे बहला फुसला कर अपने साथ घर ले गया। वहां पर आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर किशोरी के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। जब किशोरी देर शाम तक घर लौटी तो परिजनों को जानकारी दी उसके बाद छावनी पुलिस थाने में शिकायत किया गया।

# राजस्व वसूली को लेकर आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा आयुक्त डीएस राजपुत ने राजस्व विभाग की समीक्षा किया। कर्मियों से जुलाई माह में कम हुए राजस्व वसुली का कारण पूछा। राजस्व वसूली के कार्य में लगे सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसुली पर भी बैठक में चर्चा की गई। 40 वार्डो में लिये जाने वाले संपत्तीकर, समेकितकर, जलकर, भू भाटक शिक्षा उपकर के बारे में वार्ड प्रभारी कर्मचारियों के द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में माह जुलाई में कम राजस्व वसूली के कारण निगम की आर्थिक स्थिति पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को लेकर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि निगम स्वायत्तशसी संस्था होने के कारण कर्मचारियों का वेतन, वाहनो का ईंधन सहित अन्य दैनिक खर्च का संपूर्ण भार राजस्व वूसली से मिलने वाले राशि पर निर्भर होता है। आयुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी जो राजस्व विभाग में कार्यरत है। राजस्व वसूली से प्राप्त राशि से निगम के सर्वाधिक कार्यो को पूर्ण किया जाता है। राजस्व कमचारियों की भूमिका निगम में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक भागवत निर्मलकर, सहायक राजस्व निरीक्षक रामचन्द्रा निषाद, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुहन सन्हि, स.रा.नि.संतोष सिन्हा आदि मौजूद थे।

# फाइनेंस करवाने के बाद चेक बाउंस, 10 माह कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



▪ मामला चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी का

वाहन फाइनेंस करवाने के बाद दिया गया चेक अनादरित होने पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है और 10 माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय चौहान स्टेट मौर्या टॉकीज के पास सुपेला भिलाई का है। जिसमें खुर्सीपार निवासी 33 वर्षीय बलविंदर सिंह को न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। न्यायालय श्रीमती प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सरोजिनी जनार्दन खरे ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपी बलविंदर सिंह परिवादी चोलामंडलम फाइनेंस को एक माह के भीतर निर्धारित 5 लाख 66 हजार 490 रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान करेगा। यह राशि अदा नहीं करने पर आरोपी तीन माह अतिरिक्त कठोर कारावास के दंड का भाग होगा। प्रकरण के मुताबिक आरोपी बलविंदर सिंह ने टाटा एचबी वाहन के लिए चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से फाइनेंस करवाया था। जिसके लिए उसने कंपनी को 6 अप्रैल 2016 को 5 लाख 66 हजार 490 रुपए का चेक दिया था। चोलामंडलम कंपनी ने इस चेक को आईसीआईसीआई बैंक शाखा भिलाई में भुगतान के लिए 2 मई 2016 को जमा किया। बैंक के द्वारा 3 मई 2016 को यह चेक खाते में रकम नहीं होने का कारण चेक को बाउंस कर दिया। सूचना फाइनेंस कंपनी के द्वारा आरोपी को 24 मई 2016 को भेजी गई जो अपूर्ण पते की टीप के साथ वापस आ गई थी। फाइनेंस कंपनी का कहना है कि आरोपी को चेक के बाउंस होने की सूचना थी और उसने नियमानुसार उक्त राशि का भुगतान 15 दिन की निर्धारित अवधि में नहीं किया। आरोपी को दोषसिद्ध होने पर 10 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। चोलामंडलम फाइनेंस की ओर से अधिवक्ता शकील अहमद सिद्धकी ने पौरवी की थी।

# भिलाई-तीन में युवकों के बीच विवाद, आधी रात चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

▪ भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना
▪ आरोपी पुलिस पकड़ से है बाहर

सामान्य सड़क हादसे को लेकर दो युवकों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद लोगों ने सड़क पर चक्का जाम करने लगे। इसके कारण भिलाई तीन थाना परिसर देर रात भर छावनी में बदल गया। मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर माहौल शांत कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात 11.3 बजे भिलाई तीन में राम मंदिर के पास सामान्य सड़क हादसा हो गया। सड़क पर ट्रक खड़ा हो गया। इससे कारण जाम लगने पर जिम का संचालन करने वाले एकता नगर निवासी युवक पुष्पराज सिंह राजपूत ट्रक ड्राइवर से बात कर रहा था। तभी वहां पर शकील नामक युवक नशे की हालत में पहुचा और पुष्पराज से विवाद करने लगा। दोनों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। दोनों युवकों ने अपने साथियों को कॉल कर बुलाया। इधर शकील के समर्थन में आरिफ, असरफ युवक पहुचा। पुष्पराज सिंह राजपूत से मारपीट करने लगे। जिसके बाद से सड़क पर चक्का जाम भी कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को थाने में बिठाकर समझाइश देते हुए माहौल को शांत कराया। पुष्पराज सिंह राजपूत की शिकायत पर शकील, आरिफ, असरफ के खिलाफ अपराध कायम किया गया। खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।



### चक्का जाम में फंसे पूर्व मुख्यमंत्री

जुर्म दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हिंदूवादी संगठनों ने शनिवार की दोपहरसिरसा चौक पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। तीनों ही आरोपी रात से फरार हो गए है। चक्का जाम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने काफिले के साथ दुर्ग जाते समय जाम में फंस गए। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री को देखते ही नारेबाजी तेज कर दी। श्री बघेल अपनी गाड़ी से उतरकर प्रदर्शनकारियों के बीच बात करने पहुंचे। लेकिन माहौल गरमाता देख मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने श्री बघेल को सुरक्षा प्रदान करते हुए दुर्ग की ओर रवाना किया।

**यूनिफार्म वितरण में गड़बड़ी और गुणवत्ता परखेगी यह कमेटी**

# सरकारी स्कूलों में यूनिफार्म की जांच करने बनी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के बच्चों को प्रदेश सरकार मुफ्त में दो जोड़ी यूनिफार्म प्रदान करती है। यूनिफार्म का वितरण बच्चों को हुआ है या नहीं। इसकी जांच करने के लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच कमेटी न केवल वितरण बल्कि यूनिफार्म की गुणवत्ता व गड़बड़ी की भी जांच करेगी। यह पहला मौका है कि राज्य स्तर से शुरूआत में ही गणवेश वितरण की स्थिति जांचने के लिए कमेटी बनाई गई है।



### दुर्ग संभाग में बनी छह जांच कमेटी

राज्य के निर्देश पर दुर्ग संयुक्त संचालक शिक्षा ने दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी जिलों के लिए छह जांच कमेटी बनाई है। दुर्ग, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले के अधिकारी संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर को बनाया गया है। कबीरधाम जिले में जांच अधिकारी उपसंचालक संयुक्त शिक्षा प्रवास सिंह बघेल होंगे। राजनांदगांव जिले के जांच अधिकारी सहायक संचालक संयुक्त शिक्षा केके शुक्ला को बनाया गया है। मोहला-मानुपुर-चौकी जिले के जांच अधिकारी सहायक संचालक संयुक्त शिक्षा कौशल चतुर्वेदी होंगे। बेमेतरा जिला के स्कूलों की जांच सहायक संचालक संयुक्त शिक्षा एएनवी सत्यनारायण स्वामी करेंगे।

### हर अधिकारी करेंगे 20-20 स्कूलों की जांच

राज्य के निर्देश हैं कि हर अधिकारी उनके तय जिले के 20-20 स्कूलों की रेंडम जांच करेंगे। जांच के दौरान अधिकारी यह देखेंगे कि कितने बच्चे पहली से आठवीं तक अध्ययनरत है और कितनी यूनिफार्म संस्था प्रमुखों द्वारा मंगवाई गई है। आमतौर पर ऐसा होता आया है कि बच्चों की पुराने क्लास की दर्ज संख्या को आगामी कक्षा की दर्ज संख्या मानकर यूनिफार्म का डिमांड भेजा जाता है। जबकि वास्तव में बच्चों उतने होते नहीं हैं।

### कम व अधिक यूनिफार्म का करेंगे समायोजन

जांच के दौरान यदि यह पता चलता है कि किसी स्कूल में बच्चों की संख्या से ज्यादा यूनिफार्म आ गए हैं या फिर किसी स्कूल में कम। ऐसी स्थिति में संकुल स्तर पर जानकारी मंगवाकर उसे समायोजित किया जाना है। इसी तरह यदि यूनिफार्म धुलाई के बाद कट-फट रहे हों तो बच्चों से बातचीत कर उसकी गुणवत्ता का आंकलन करेंगे। इसकी रिपोर्ट संभाग स्तर से राज्य को भेजी जाएगी। राज्य गुणवत्ताविहीन यूनिफार्म की स्थिति में सबंधित सप्लायर से वसूली या कार्रवाई कर सकती है। यानी पूरा मामला पारदर्शी बनाना है।

### हर जिले में बच्चों को मिली है दो-दो जोड़ी यूनिफार्म

हर जिले में पहली से आठवीं तक के बच्चों को दो-दो जोड़ी यूनिफार्म दी गई है। यूनिफार्म का वितरण भी कई स्कूलों द्वारा लापरवाही की वजह से नहीं किया जाता। इसलिए राज्य इस बार बच्चों को मुफ्त गणवेश वितरण योजना का लाभ पूरी तरह मिले इसी मंशा से जांच टीम बनाई है। सरकार गणवेश पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

### बलौदा बाजार हिंसा मामले में 5 युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बलौदा बाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल जाने के बाद पांच युवक और पुलिस के हत्थे चढे है। खुर्सीपार निवासी योगेश नवरंगे, दिनेश बांधे, हेमंत खूंटे, वीरेंद्र गायकवाड़, लक्ष्मण सोनवानी को गिरफ्तार किया गया। वहीं कोमल धृतलहरे को पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

## खबर संक्षेप



### शिविर में 60 यूनिट रक्त का हुआ कलेक्शन

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आईसीआईसीआई फाउंडेशन सेक्टर 6 भिलाई में सम्पन्न हुआ। शिविर में फाउंडेशन के हेड असफाक अहमद, तपन मिस्त्री, नाजिया नसरीन और छात्र छात्राओं का सहयोग रहा। इस मौके पर 63 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस रक्तदान शिविर में दुर्ग सीएमएचओ डॉ मनोज दानीए दुर्ग सीएस डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ तुषार चंद्रा सहित जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### विधायक निधि से शेड बनाने की मांग



**दुर्ग।** विधायक से मिलकर तहसील कार्यालय में टिन शेड को हटाकर छत निर्माण, चैनल गेट भवन निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। संतोष कोसरे स्टांप विक्रेता, शकील खान अधिवक्ता, रमन लाल देवांगन, योगेश्वर देशमुख, शेषनारायण वैष्णव, संदीप राजपूत, मुकेश सिंह राजपूत सहित विधायक निधि से टिन सेट की जगह पक्का निर्माण के लिए भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की मांग पत्र विधायक गजेंद्र यादव को सौंपा गया।

### 26 को बंद रहेंगी मांस बिक्री की दुकानें

**दुर्ग।** शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 26 अगस्त को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध नहीं होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के विशिष्ट अवसर पर पशु वधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करेंगे। जिसके लिए निर्देश समस्त पशु वधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को कहा गया है। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## निधन

### कुसुम देवी सेक्सरिया



**दुर्ग।** ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग निवासी श्रीमती कुसुम देवी सकसेरिया पति श्री राधे श्याम सकसेरिया का दुखद निधन 24 अगस्त हो गया। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्ति धाम में किया गया। वे अजय एवं विजय सकसेरिया की माता, महेंद्र सकसेरिया के छोटे भाई की पत्नी एवं दिलीप, ललित सकसेरिया विमल सकसेरिया की भाभी थी।

# पिछड़ा वर्ग के सर्वे में बीएलओ पूछेंगे पढ़ाई, रोजगार और कमाई के साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

छग पिछडा वर्ग कल्याण आयोग के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे में लोगों के दरवाजे बीएलओ पहुंचेगा। उनके द्वारा करीब 53 बिन्दुओं में जानकारी ली जाएगी। बहरहाल जिले में विगत बीस अगस्त से सर्वे कार्य शुरू हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि, विगत सोहल अगस्त को उच्चतम न्यायलय के पारित निर्णय के बाद आयोग द्वारा सर्वे कराए जाने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। जारी निर्देश में सर्वे के दौरान पूछे जाने वाले 53 तरह के बिन्दु भी निर्धारित किए गए है। जिसका प्रारूप बीएलओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इस प्रारूप में परिवार के मुखिया से लेकर सदस्यों का विवरण, पढाई, रोजगार के साधन, जाति, राजनीतिक स्थिति, घरेलू विवरण सहित आय का जरिया, राशन कार्ड, पेयजल का स्त्रोत, संपत्ति का विवरण, गाय, बैल, बकरी, भेड, खाना पकाने के साधन, मकान की स्थिति सहित 53 बिन्दुओं में जानकारी मांगी गई है।

## जिले में बीस अगस्त से सर्वे कार्य प्रारंभ, डोर टू डोर होगा सर्वे कार्य

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्राप्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम 20 अगस्त 2024 से प्रारंभ कर 10 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है, जिसके लिए बूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य संपादित करेंगे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग जिले में सर्वेक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर नियत समयावधि में संपन्न कराए जाने हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक नियुक्त किया है।



### देरी से शुरू कराए गए सर्वे कार्य

जानकारी अनुसार आयोग द्वारा आदेश सोलह अगस्त को जारी कर दिया गया था। जिसमें अति महत्वपूर्ण समय सीमा का उल्लेख है। आदेश में बीस अगस्त से मतदाता पुनरीक्षण के साथ पिछडा वर्ग सर्वे भी कराने के निर्देश दिए है। जानकारी अनुसार प्रशासन द्वारा आदेश आने के बाद देरी से प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ को भी आदेश के दो दिन तक प्रारूप नही मिला था। हांलाकि 23 अगस्त को प्रशासन द्वारा बीस अगस्त से सर्वे शुरू होने की बात कही गई हैं।

## लापरवाही : विभाग ने सड़क बनाई, लेकिन नहीं लगाए स्ट्रीट पोल


# पुलगांव से अंडा तक अंधकार, करोड़ों की सड़क बनाई नहीं लगाई लाइटें


हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुलगांव से अंडा तक करीब दस किमी की सडक में अंधेरा पसरा है। यहां सडक चौडीकरण के दौरान पुराने बिजली के खंबों को हटा दिया गया। लेकिन पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली ऐसी रही कि, करोडों की सडक बन तो गई। मगर यहां शाम होते ही अंधेरा छा जा रहा है। सडक पर मवेशी और अंधेरे से कभी भी बडी दुर्घटना घट सकता है। पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग का कहना हैं कि, विधानसभा चुनाव से पहले प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन राज्य शासन से प्रशाक्रिय स्वीकृति नही मिलने का खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है।

पुलगांव मिनीमाता चौक से दस किमी अंडा तक सडक चौडीकरण किया गया है। इसके लिए करोडों रूपए खर्च किए गए। सडक निर्माण के दौरान पुराने खंबों को हटा दिया गया। जब से ही सडक में अंधेरा पसरा हुआ है। लोगों को इस बात की उम्मीद थी कि सडक चौडीकरण होने के बाद उन्हें चमचमाती लाइटों की सौगात मिलेगी। लेकिन शायद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी सडक के प्रस्ताव के दौरान लाइट का प्रस्ताव बनाना भुल गए थे। हांलाकि विद्युत यांत्रिकीय के अफसरों ने बताया कि, विधानसभा चुनाव के पहले राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। बजट में प्रावधान भी है। लेकिन शायद सत्ता बदलने के बाद विभाग के अधिकारी भी स्वीकृति मिलने के इंतजार में हैं।

### रायपुर में फाइल अटकने से दुर्ग में छाया अंधेरा





### सौ करोड़ सड़क में खर्च, खंबे तक नहीं लगे

जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक करीब सौ करोड 34 लाख रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया है। जानकारों की माने तो सडक और लाइट का कार्य एक साथ होने चाहिए। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने सडक पहले बनाई, लेकिन अभी तक लाइट की स्वीकृति नही मिली है। जानकारी अनुसार पुलगांव से अंडा तक स्ट्रीट लाइट व खंडा, केबल लगाने तीन करोडा का प्रस्ताव भेजा है। नतीजतक विभाग के पास इंतजार के शिवा कुछ नही हैं। सडक बनने के बाद एक भी खंडे नही होने से लोगों में यह चर्चा है कि, बिजली लगेगी या नहीं।

### शहर में होने वाले करोड़ों के कार्य अटके

विद्युत यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलगांव और अंडा के आलावा दुर्ग शहर में अग्रसेन चौक से सिकोला ओव्हरब्रिज तक लाइट लगनी हैं। इसके आलावा पाटन रोड में उतई तक लाइटे लगाने का प्रस्ताव शासन के पास पेडिंग है। यहां मैत्रीबाग तक लाइट लगी है। लेकिन ब्रिज के आगे लाइट लगने का काम बाकी है। इसके आलावा अंडा से होकर जाने वाले चंदखुरी मार्ग में भी लाइट लगनी है। इन सभी इलाको के लिए राज्य शासन को विभाग द्वारा प्रस्ताव भेज दिया गया है। लेकिन स्वीकृति नही मिलने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड रहा है।

### रात होते ही सफर करना बड़ी चुनौती

पुलगांव से अंडा तक सडक चौडीकरण के बाद बिजली की सुविधा नही मिलने से लोगों को रात में सफर करना चुनौती से भरा लगता हैं। वर्तमान में यह सडक के बीचो बीच मवेशी भी बैठी रहती है। ऐसे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सडक बनने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रेडीयम आदि संकेतक भी नही लगाए गए है। इधर पुलगांव से दुर्ग अंजोरा बाईपास तक आय दिन स्ट्रीट लाइटे बंद रहती है।

### प्रस्ताव भेजे गए

पुलगांव से अंडा मार्ग के लिए विधानसभा के पहले ही स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही आगे की प्रक्रिया पूरी कर लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**-संध्या बंजारे,** एसडीओ, विद्युत यांत्रिकी विभाग

# हमर क्लीनिक में लगेगा टाइल्स, किया भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ कातुलबोर्ड की जनता ने विधायक से की मुलाकात

कातुलबोर्ड स्थित हमर क्लिनिक में ईलाज के लिए आने वाले मरीजों की सहूलियत को देखते हुए टाइल्स लगाया जाएगा। जिसका शनिवार को विधायक गजेंद्र यादव ने स्थानीय रहवासियो के साथ भूमिपूजन किये। भूमिपूजन पश्चात उन्होंने अस्पताल का निरिक्षण कर दवाईयों की उपलब्धता व ईलाज हेतु संसाधन की जानकारी ली गई। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने मुलभुत समस्याओं से अवगत कराये।

मॉर्निंग विजिट में विधायक कातुलबोर्ड पहुँचे और हमर क्लिनिक परिसर में टाइल्स लगाने भूमिपूजन कर क्लिनिक में व्यवस्थाओ का जायजा लिए। उन्होंने स्वयं बीपी शुगर की जाँच भी कराये। इसी परिसर में संचालित आंगनबाड़ी में भवन के मरम्मत कराने की मांग वार्डवासियों ने की है। जिसके विभागीय अधिकारी को मौका मुआयना करने निर्देश दिए। कातुलबोर्ड वार्ड 60 के स्थानीय रहवासियो ने बाजार क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग की मांग किये। इस दौरान पास में ही स्थित प्राथमिक स्कूल के शिक्षिकांए भी उपस्थित थी। जिन्होंने स्कूल का निरिक्षण कराकर छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग वाशरूम की मांग किये। स्कूल में वाशरूम नहीं होने से छात्राओं को परेशानी हो रही है। स्कूल के कुछ कक्ष का संधारण कराने की मांग भी उन्होंने विधायक श्री यादव से किये। इस दौरान पार्षद जयश्री जोशी, कांशीराम कोसरे, अरुण सिंह, अल्का बाघमार, श्वेता ताम्रकार सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### अरविंद बने बोरी स्कूल के अध्यक्ष



**दुर्ग।** आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पद पर अरविंद पटेल को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पर विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, जिला मंत्री पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य जितेंद साहू, मण्डल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय उमरे, सूरज देशमुख आदि ने बधाई दी है।

# रात में भी मवेशियों को पकड़ने सड़क पर उतरी ननि की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पशु पालक अपना मवेशी होने से करते हैं इंकार

रात में शहर के मुख्यमार्ग में भी आवारा मवेशियों की धर-पकड़ अभियान शुरू करने हेतु कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आदेश जारी किया गया था। इसे लेकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाही की गई।

गुरुवार की रात करीब दो दर्जन से अधिक मवेशियों को शहर के मुख्यमार्गों से अतिक्रमण टीम अमले द्वारा पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि इन मवेशियों को शहर में मुख्यमार्ग पुलगांव चौक से नदी ओवरब्रिज तक पकड़ा गया।

सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड सहित मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगे रहने से यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। सबसे बड़ी समस्या यह थी की आवारा मवेशियों पर वाहनों के हार्न का भी कोई असर नहीं पड़ता था। आवारा मवेशियों की जमावड़ा लगे रहने से शहर की सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निगम अमले द्वारा कार्रवाही किया जा रहा है। मवेशी पकड़ने के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों के बारे में जब पूछताछ की जाती है तो पशु पालक अपना मवेशी होने से इंकार कर देते हैं।



# पूर्व सीएम बघेल ने पार्षदों व कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल हुए तत्पश्चात दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल के निवास में भोजन किया एवं कार्यकर्ताओं व पार्षदों से भेंट मुलाकात की। उनके आगमन पर महापौर धीरज बाकलीवाल के माता-पिता ने भूपेश बघेल को तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंटकर उनका स्वागत किया एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी की एक स्मृति चिन्ह धीरज बेकलीवाल के द्वारा भेंट की गई। इस दौरान,आरएन वर्मा, राजेंद्र साहू, निर्मल कोसरे, अलताफ अहमद, मुकेश चंद्राकर एवं संदीप वोरा, संदीप निरंकारी, हामिद खोखर, फतेह सिंह भाटिया, मंदीप भाटिया, प्रकाश जोशी, शंकर ठाकुर कांशीराम रात्रे, अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद, हेमा साहू, श्रीकांत तिवारी, सुशील भारद्वाज, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, सोनू साहू, अमोल जैन, आदित्य नारंग, रमीज रजा, चिराग शर्मा, पृथ्वी चंद्राकर, राकेश सिन्हा, सुशील बंजारे आदि मौजूद थे।

# भाजपा का सदस्यता अभियान आज से, घर-घर जाएंगे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 1 सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ होने जा रहा है, इससे पहले अलग-अलग स्तरों पर कार्यशालाओं का आयोजन करके ऑनलाइन सदस्यता के संबंध में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के सभी 13 मंडलों में कार्यशालाओं का आयोजन होगा। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के निर्देशानुसार सभी 13 मंडलों में कार्यशाला के लिए अलग-अलग वक्ता तय किए गए हैं। 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे दक्षिण पाटन मंडल अंतर्गत जामगांव आर में विधायक ललित चंद्राकर और सिकोला पटरीपार मंडल में राजेन्द्र कुमार, दोपहर 12 बजे बोरी लिटिया मंडल में कांतिलाल बोथरा और चंडी शीतला मंडल में सुरेंद्र कौशिक, दोपहर 1 बजे गंजपारा सदर मंडल में डॉ. मानसी गुलाटी और जेवरा सिरसा अंतर्गत ग्राम सिरसा खुर्द में दिलीप साहू, दोपहर 2 बजे मध्य पाटन मंडल में पूर्व मंत्री रमशिला साहू कार्यशाला में वक्ता के रूप में प्रशिक्षण देने के साथ-साथ सदस्यता अभियान की रणनीतियों के विषय में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### यहां होगा कार्यशाला का आयोजन

वही दूसरे दिन 26 अगस्त को धमधा में रोहित साहू, दिनांक 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे अहिवारा में विधायक गजेंद्र यादव और उतई मंडल के ग्राम मचांदुर में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दोपहर 1 बजे उत्तर पाटन के अमलेश्वर में रविशंकर सिंह एवं शाम 4 बजे कसारीडीह मंडल में नटवर ताम्रकार कार्यशाला में प्रशिक्षण देंगे तथा 28 अगस्त बुधवार को अंजोरा में दोपहर 2 बजे पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना कार्यशाला में रहेंगे।

### आगामी 28 तक कार्यशाला होगी पूरी

सदस्यता अभियान जिला टोली के संयोजक राजेंद्र कुमार, सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू और डॉ. मानसी गुलाटी ने बताया कि, दुर्ग जिले में 28 अगस्त तक सभी मंडलों की कार्यशालाएं सम्पन्न हो जाएगी। सदस्यता अभियान को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए राष्ट्रीय और केंद्रीय नेतृत्व ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इसी कार्ययोजना के आधार पर जमीनी स्तर पर रणनीति तय करते हुए सदस्यता अभियान दुर्ग जिले में चलाया जाएगा।

## दिनभर चलता रहा पूजा अर्चना का दौर, पारंपरिक तरीके से निभाई रस्में

# कमरछट पर महिलाओं ने की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कमरछट पर्व पर दुर्ग शहर में जगह-जगह विविध आयोजन किए गए थे। जहां महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना के साथ दिनभर पूजा अर्चना में लगे रहे। इस व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा गया। सदभावना महिला समिति संयोजिका अलका अग्रवाल, मोहन नगर दुर्ग स्थित श्री शीतला दंतेश्वरी बूढ़ा देव मंदिर समिति एवम महिला समिति आमापरा द्वारा मंदिर प्रांगण मे हलशाष्टी पूजा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पुत्र की लंबी आयु की कामना लिए सभी व्रती महिलाएं सात्विक भाव से हलधर भगवान श्री बलराम के जन्मोत्सव को श्रद्धा पूर्वक मनाने कुमार भुइयां (बिना हल जुताई) से एकत्र पसहर चावल एवं छह प्रकार के पंचमिंझरा भाजी, मिर्च सहित लाई, महुआ, कुश के पौधे, भैंस के दूध, दही,घी को पीतल के बर्तन एवं पत्तल दोना में लेकर पीतल के पात्र में ही जल लेकर शीतला मंदिर प्रांगण मे बनाए गए तालाब एवम् पैठू के प्रतीकात्मक कुंड के चारो तरफ एकत्र होकर विधि विधान से पूजन किए। पुजारी पं. जय मिश्रा द्वारा हलशाष्ठी व्रत का महात्यम बताया। परंपरानुसार विधि विधान से सामूहिक पूजन वैदिक मंत्रोच्चार एव कथा वाचन कर सम्पन्न कराया। अल्का अग्रवाल, मेनका अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, चंद्रिका वाशिंग, लीना धुर्वे, कांति , सरला जायसवाल, राधा मलिक, राधा सोनी, खुशबू ताम्रकार, सहित बड़ी संख्या मे व्रती महिलाए मौजूद थीं।

■ शहर के विभिन्न स्थानों पर की गई पूजा-अर्चना



### बच्चों को बांटे खिलौने व प्रसादी

पुत्रों की लंबी आयु की कामना से उपवास रहकर सभी महिलाओं ने पूजन पश्चात अपने बच्चों के पीठ में छह नए कपड़े की टुकड़ों से बने पोती को जल कुंड के पानी से भिगोकर भगवान बलभद्र के आशीर्वाद स्वरूप कंधे मै पोती थपकी देकर आशीर्वाद दिया। एव बच्चो में प्रसाद एव खिलौना वितरण किया।



दुर्ग। आज शहर में हलषष्ठी धूमधाम से मनाया गया। शहर के कई स्थानों पर माताओं ने सगरी की पूजा की। रेलवे स्टेशन के सामने आमदी मंदिर में हलषष्ठी की पूजा की गई। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने संतान की दीघायु व सुखमय जीवन की कामना लेकर व्रत किया।

# एंटी रैगिंग पोस्टर स्पर्धा में सृष्टि जलकारे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




शासकीय वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में एंट्री रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निबंध, पोस्टर, स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताओं द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया।

महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित इस पोस्टर प्रतियोगिता में एमएससी प्राणी शास्त्र की तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत सृष्टि जलकारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एंटी रैगिंग के विषय मे बनाया गया उनकी पोस्टर को निर्णयाको द्वारा सराहा गया। जबकि दूसरे स्थान पर संचिता यादव बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एवं तृतीय स्थान पर रेनू बंजारे बीकॉम प्रथम सेमेस्टर रही। सृष्टि जलकारे पूर्व पार्षद एवं पूर्व महापौर परिषद के सदस्यश विजय जलकारे की सुपुत्री है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीसी अग्रवाल कार्यक्रम की संयोजक डॉ मीनाक्षी अग्रवाल एवं सदस्य सुषमा यादव तथा डॉक्टर लता मेश्राम की प्रमुख भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण कर मनाया हलषष्ठी पर्व

**अंडा।** हलषष्ठी पर्व के अवसर पर कवि प्यारे लाल देशमुख पूर्व वाहन चालक समु. स्वा. केन्द्र निकुम के द्वारा ग्राम निकुम मे लगभग 50 पेड़ लगा चुके है। जिसमें आम, जामुन, जाम, कटहल, कदम, बरगद, पिपल, नीम, बेल, गुलमोहर आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर गोपती रमेश पवार, मिथलेश (सोनू) देशमुख रेखा, ममता साहू, रेखा साहू का योगदान रहा।

### 27 बालिकाओं को साइकिल वितरण

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत गरीब वर्ग के कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 27 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, साइकिल प्रभारी रोहित कुमार देशमुख, भातेंद्र गंगाराले, सरस्वती उमरे, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी देवांगन आदि मौजूद थे।

## निधन

### दिनेश चंद जोशी

**भिलाई।** आदर्श नगर दुर्ग निवासी



दिनेश चंद जोशी (89 वर्ष) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत थे। वे भूपेश जोशी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 25 अगस्त को 10 बजे उनके निवास स्थान बी-7 आदर्श नगर से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## हलषष्ठी पर्व : ग्रामीण क्षेत्रों में कमरछठ पर्व की रही धूम, सागर सगरी की हुई पूजा अर्चना

# बच्चों की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



### हलषष्ठी पर सुनाई कथा, महिलाओं ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण अंचल में क्षेत्र अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, निकुम, आलबरस, अंजोरा, रसमडा,गनियारी, बोरई, भोथली, अंजोरा, थनौद, कोलिहापुरी सहित पूरे क्षेत्रों में हलषष्ठी मनाया गया। अंडा के आचार्य महेंद्र पांडेय ने बताया कि यह पर्व श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### जामगांव आर में महिलाओं ने रखा व्रत



**जामगांव आर।** संतानों की अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र का कामना के लिए कमरछठ पर्व बाजार चौक जामगांव आर कमरछठ कथा सुनते हुए मनाए। माताएं सामूहिक रूप से लता पांडे के आंगन में हलषष्ठी व्रत कथा श्रवण किया। समाजसेवी अंगेश्वर साहू ने बताया की मान्यता अनुसार माताएं घर जाकर पूजा के बाद अपने बच्चों के पीठ पर छह बार पीली पोती मारकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना करती है। इस अवसर त्रिवेणी साहू,दिलेश्वरी साहू, उर्मिला यादव ,पूजा सागरवंशी,कचरी बाई,राजकुमारी चंद्राकर, जितेंद्री बाई साहू , बुधियारीन, लोचन चंद्राकर उमा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

### शिवधाम कोड़िया में सगरी की पूजा अर्चना



**ननकटठी।** शिवधाम कोड़िया में मंदिर के पुजारी रमेश बन गोस्वामी ने पूजा संपन्न कराया। नंदिनी गोस्वामी ने हलषष्ठी माता की छः कथाएं सुनाई। डॉ. नीलकंठ देवांगन ने बताया कि हलषष्ठी छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार है। उन्होंने बताया कि पूजार्थी माताओं से परिसर का बड़ा हाल खचाखच भर गया था। मुख्य मंदिर आंगन में तथा मंदिर के बाहर बैठकर कई माताओं ने कथा श्रवण किया।

### महिलाओं ने सामूहिक रूप से की सागर सगरी की पूजा



**ननकटठी।** ननकट्ठी गांव में हलषष्ठी मनाया गया।इस अवसर पर महिलाएं पूजा के लिए बनाए सगरी कुंड के परिक्रमा लगाकर सामूहिक रूप से गीत भी गाते हैं। उपवास रहने वाली महिलाएं 6 प्रकार के भोग चढ़ा के 6 प्रकार के खिलौना अर्पित करते हैं। 6 प्रकार के कथा कहा जाता है। जिसे सुनकर सगरी में 6 बार पानी डाला जाता है। पुत्र के कमर पर 6 बार कपड़ें से पोता मार के 6 प्रकार के भाजी खाकर व्रत तोड़ा जाता है।

### पाटन में हलषष्ठी की कथा सुनाई



**पाटन।** पाटन नगर पचायत के एक-एक मुहल्ले और कला मंच के सामने सभी महिलाओ ने एक साथ एकत्र होकर सगरी पसहर चावल , बेल पत्ती सहित छः प्रकार के पूजा के समान में उपयोग होने सामग्री की पूजा गया। इस अवसर पर सभी महिलाओ को छः अध्याय की पाठ पंडित के रूप चंद्रावती कुर्रे के द्वारा कथा सुनाई गई। मौके पर कलिंद्री कुर्रे , गायत्री जांगड़े , दुर्गा बारले , सरोज बारले , साधना साहू , आशा कुर्रे , अलका जांगड़े , कमलेश्वरी कोठरी , मंजू डहरिया, रेशम कुर्रे , रेशम कुर्रे , बबली जांगड़े , चंदन बंजारे , तुलसी कोसरे, अहेलमति बारले , लिकेश्वरी डहरिया , उमा सोनम देशलहरे, सुनीता यादव रमोतिन गायत्री , आरती यादव, सरोज रेखा कुर्रे, रमिता सिरमौर, हेमा कुर्रे, पिंकी, पुनम गुलापा, आरती, वर्षा, सुनिता, संधिया आदि मौजूद थे।

### मीलपारा डिपरा में हलषष्ठी पूजा



**भिलाई।** मील पारा डिपरा बाबा देवता चबूतरा में मोहल्ले के महिलाओं ने उपवास रखकर पूजाअर्चना कर हलषष्ठी पर्व मनाया। इस अवसर पर कथावाचक निधि पांडेय के साथ ज्योति मिश्रा, श्रुति पांडेय, सावित्री मिश्रा, ज्योति गुप्ता, लक्ष्मी, शालिनी, राखी, सरिता, रेखा एवं नीता पूजा अर्चना में शामिल हुई।

### महिलाओं ने बच्चों की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

**धमधा।** धमधा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हलषष्ठी ( कमरछठ) का पर्व महिलाओं ने मनाया। महिलाएं अपने बच्चों की दीर्घायु के लिए उपवास रखी वही एक जगह एकत्रित होकर जमीन में गढ्ढा खोदकर सगरी बनाकर चारों तरफ काशी लगाकर भगवान गौरी ,गणेश एवं सगरी माता की पूजा अर्चना की। साथ ही 6 प्रकार की कहानी सुनी। माताओं ने पूजा अर्चना के बाद पसहर चावल का भात, 6 प्रकार की भाजी,दही खाकर उपवास तोड़ा। इस अवसर पर दुलारी मिश्रा, शशि यादव, पुष्पा सिन्हा, तारणी मिश्रा, श्रद्धा मिश्रा,दीप लता तिवारी, संध्या पटेल, निर्मला पटेल ,उर्वशी बघेल, श्याम बती यादव, पूजा तिवारी, काजल तिवारी, माधुरी जंघेल, सुनीता निर्मल ,रीतु राजपूत,शकुन यादव, शोभा सेन, मोनिका यादव,लछु यादव,शारदा यादव,गीता साहू,सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।



### गांव-गांव में महिलाओं ने मनाया कमरछठ पर्व

**सेलूद।** संतान की लंबी उम्र के लिए शनिवार को माताओं ने कमरछठ का व्रत रखा। कमरछठ की तैयारी करने सुबह से महिलाएं जुट गई थी। छह तरह की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई सहित पूजा की कई। छोटी-बड़ी पूजन की सामाग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना की। कमररछठ को हलछठ या हलषष्ठी भी कहा जाता है। कमरछठ का पर्व सेलूद फेकारी चुनकट्टा मुड़पार अचानकपुर ढौर परसाही मटंग तरीघाट, केसरा, बोरेंदा, जरवाय,भनसुली ,खम्हरिया, डंगनिया, सोनपुर, सिपकोना में मनाया गया।



## बिजनेस साइट

### हाइटेक हॉस्पिटल की पेडियाट्रिक टीम ने बचाई जुड़वां नवजात की जान



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञों की टीम ने पांच दिन की कड़ी मशक्कत के बाद मेनका के परिवार को खुशियां लौटा दीं। इसी माह के आरंभ में मेनका को प्रसूति के लिए अस्पताल (हाइटेक नहीं) में दाखिल कराया गया था। 2 अगस्त को मेनका ने एक के बाद एक, दो शिशुओं को जन्म दिया। इनमें से एक की लगभग तत्काल मृत्यु हो गई जबकि दूसरे की स्थिति भी गंभीर थी। उसे तत्काल हायर सेन्टर हाइटेक हॉस्पिटल रिफर कर दिया गया। हाइटेक के शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. मिथिलेश देवांगन ने बताया कि 5 अगस्त को शिशु को हाइटेक लाया। शिशु का शरीर ठंडा पड़ रहा था, रक्त में शर्करा की मात्रा बहुत कम हो चुकी थी तथा शिशु सेप्टिक शॉक में था। यही नहीं शिशु को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। इन सभी जटिलताओं के चलते आंतरिक रक्तस्राव हो रहा था। शिशु का प्लैटेलेट्स काउंट भी काफी कम हो गया था। डॉ. मिथिलेश देवांगन ने बताया कि तत्काल विशेषज्ञों एवं सीनियर नर्सों की टीम बनाकर शिशु को बचाने के प्रयास शुरू कर दिये गये। शिशु का ऑक्सीजन सैचुरेशन 75 से नीचे आने लगा था तथा हार्ट रेट 180 तक जा पहुंचा था। शिशु को तत्काल सीपैप पर डाला गया। शिशु को सेन्ट्रल लाइन पर लेकर रक्तचाप बढ़ाने की दवाएं शुरू की गईं। प्लैटेलेट्स की कमी को देखते हुए तीन बार प्लैटेलेट्स चढ़ाया गया। शिशु को हायर एंटीबायोटिक्स पर रखा गया। डॉ. देवांगन ने बताया कि 5-6 दिन बाद जाकर शिशु खतरे से पूरी तरह बाहर था। हम मेनका और उसके परिवार की उम्मीदों पर खरा उतरने में कामयाब हो गए थे। अब शिशु आक्सीजन सपोर्ट पर नहीं है और मजे से मां का दूध पी रहा है।

### श्री सांई कॉलेज नंदिनी में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



भिलाई। नंदिनी स्थित श्री सांई कॉलेज के विज्ञान क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस जिसे इसरो दिवस भी कहा जाता है। जिसमें सांई कॉलेज विज्ञान क्लब के सदस्य एवं सांई कॉलेज के अन्य प्रशिक्षार्थी पीजीडीसीए, आईटीआई एवं फार्मेसी के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का मुख्य विषय इस वर्ष की थीम चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना-भारत की अंतरिक्ष गाथा रखा गया था। जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विज्ञान क्लब सदस्यों ने आज इसरो द्वारा ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम इंडिया' मेडन नेशनल स्पेस डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम का भी लाभ लिया। संस्था के प्रशासनिक अधिकारी कमलेश्वर बारले ने बताया कि इसे इसरो दिवस भी कहा जाता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में सभी छात्रों ने सराहनीय प्रयास किए । डॉ. पी विश्वकर्मा ने उपरोक्त प्रतिभागिता पर क्लब सदस्यों की विज्ञान में रुचि की सराहना की। इस अवसर रितेश श्रीवास्तव,भुनेश्वर यादव ,अमित दीक्षित, रितु भारती सुकमल, रेवा राम, मोहन विश्वकर्मा, केके प्रसाद उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा ने दी।

### फायर व सेफ्टी औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण में प्रवेश प्रारंभ



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी व डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई निजी प्रशिक्षण संस्थान, जिसमें 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर पास छात्र- छात्राओं के लिए फायर एवं सेफ्टी का प्रशिक्षण देती आ रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के द्वारा छात्र-छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाने में मदद करना। संस्था एफएसडीएमआई में 6 महीने या साल भर का एक वर्ष अग्निशमन सुरक्षा एवं औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण चल रहा है। संस्था के द्वारा प्रशिक्षण को प्राप्त होने के बाद छात्र एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, गन-कैरिज फैक्ट्री इटारसी, ब्रेथवेट भारतीय रेल मंत्रालय, भिलाई स्टील प्लांट, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, डीआरडीओ भारत रक्षा मंत्रालय जगदलपुर, रायपुर मंत्रालय, एनएमडीसी नगरनार जैसी विभिन्न निजी एवं सरकारी कंपनियों में परमानेंट एवं ठेकेदारी बेस से कंपनियों में कार्य कर रहे हैं। संस्था के द्वारा गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण शुल्क में छूट की जाती है। जिन विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण को प्राप्त करना हो एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अगस्त है। इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, प्लॉट नंबर-766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने,शांति नगर में संपर्क कर सकते है।

### पासपोर्ट का डॉक्टर (विशेषज्ञ): श्रीकांत जैन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मे पासपोर्ट के लिए नंबर वन, के नाम से पहचाने जाने वाले - श्रीकांत जैन को अब - पासपोर्ट के डॉक्टर के नाम से भी जाना पहचाना जाता है, आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते है, विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 04 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 45 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया की हमारे पासपोर्ट के 10,000 से ज्यादा 99.99 प्रतिशत संतुष्ट ग्राहक है । आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओ के लिए, आप हमारे ऑफिस –, स्ट्रीट - 20, स्मृति नगर, भिलाई पर संपर्क कर सकते है। हमारी संस्था पर एयर टिकट और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई, आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है साथ ही आप भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी से संबंधित सभी तरह के कार्य के लिए भी संपर्क कर सकते है।

### नए बीएमओ डॉ. कठौतिया का स्वागत



**सेलूद।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ पाटन के सदस्यों ने ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में पाटन ब्लॉक के नए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.भुवनेश्वर कठौतिया का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंहा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र साहू , राकेश सार्वा, राकेश साहू ,गामेश साहू, दीपक वर्मा आरएस शांडिल्य ,विष्णु देवांगन ताल सिंह ठाकुर, चितरंजन सोनकर ,जगदीश साहू ,संजय साहू, अनुसुईया साहू ,नीलकमल साहू, पूरन दीवान, यशवंत साहू ,बीपीएम पूनम साहू तथा बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### भोजली संस्कृति व खुशहाली का पर्वः टेकसिंह



**धमधा।** धमधा सर्किल में भोजली महोत्सव का आयोजन ग्राम भाटाकोकड़ी में किसान नेता बाबा टेकसिंग चन्देल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। चन्देल ने कहा कि भोजली हमारी संस्कृति एवं खुशहाली का पर्व है। वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी ने प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अपना सबकुछ न्योच्छावर कर दिया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बनऊ सिंह वर्मा ने भोजली उत्सव की खूब सराहना की। भोजली महोत्सव में महिलाओं ने सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी। धमधा सर्किल अध्यक्ष ढालू वर्मा, सरपंच डॉ जोहन वर्मा , रघुनंदन वर्मा जनपद सदस्य,रुखुम वर्मा ग्राम प्रमुख,धनेश्वर वर्मा सर्किल सचिव, अघनु पाल पूर्व सरपंच, मनोज ठाकुर, देवेंद्र वर्मा ,लेखराम वर्मा,अमर सिंह वर्मा, तामेश्वर वर्मा,द्वारिका वर्मा,रोशन मानिकपुरी , छत्रपाल पटेल,प्रदीप वर्मा आदि मौजूद उपस्थित थे।

### शोभायात्रा कल

**पाटन।** सतनामी समाज पाटन क्षेत्र अखिल भारतीय सतनाम सेना छत्तीसगढ़ के द्वारा 26 अगस्त को गुरु दर्शन एवं सतनाम संदेश शोभायात्रा निकला जाना है। यह संदेश शोभायात्रा खम्हरिया मोतीपुर से जामगांव आर और पतोरा से प्रारंभ हो कर पाटन विश्रामगृह आगम होगा। गुरु सौरभ साहेब दोपहर 3 बजे विश्रामगृह से नगर भ्रमण करेंगे। पाटन सतनाम भवन में होंगे आयोजन पंथी नित्य अखाड़ा और मानव मानव एक समान के संदेश का समाज के प्रतीक रूप रेखा रखेंगे ।

# स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए अनुशासन जरूरीः रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का सफलता आयोजन

दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत अंडा पंचायत भवन में फूडथेरेपिस्ट,न्यूट्रिशनिस्ट , हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम सफलता किया गया। जिसमें हेल्थ कोच रवि वर्मा ने बताया कि क्या खाएं, क्या ना खाएं तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का निर्देश दिए।

बच्चों को यह सिखाया गया कि क्या खाएं अपने घर के पौष्टिक खाने को अपनाए, मौसमी फल तथा हरी सब्जियों का सेवन करें, जैसे केला ,अनार, सेब, अंगूर, नाशपाती, टमाटर ,चुकंदर , पालक आदि क्या ना खाएं अधिक तली हुई, मसालेदार ,बासी भोजन ,पैकेट फूड, अधिक प्रोसेस फूड आदि। स्वस्थ जीवन शैली, सुबह जल्दी उठने की आदत डालें और सुबह उठने के साथ एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने की आदत डाले। हल्का नाश्ता करें तथा खाने के बीच-बीच में पानी न पिए खाने के 15 मिनट पहले या 15 मिनट बाद पानी पिए अधिक फाइबर युक्त खाने चोकर युक्त आटे की रोटी, फल तथा मौसमी सब्जियां को अपने भोजन में ऐड करें व्यायाम प्राणायाम योगासन करें।

जया वर्मा द्वारा यह बताया गया कि खाने से पहले कम से कम 30 सेकंड अपने हाथों को अच्छे से धोएं। रामचंद साहू ने बताया कि यदि आप सही खान-पान रखते हैं तो आपको कोई बीमारी नहीं हो सकती तथा पौष्टिक खानों को अपनाने का निर्देश दिया। पुष्पांजलि साहू, निरज बरखा साहू, किरण वर्मा, दीपक वर्मा आदि ने अपने विचार रखे। इस हेल्थ अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम में फिटनेस कोच वैष्णवी साहू, संजय कुमार साहू, सुनीता साहू,लक्ष्मी साहू,पुष्कर चंद्राकर, खेमन चन्द्राकर, उदय कुमार साहू,नारद मानिकपुरी सहित अंडा के ग्रामीण जन दाऊ प्रवीण चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, जयराम चंद्राकर, थनवार चंद्राकर, राजेन्द्र साहू, लुकेश्वरी साहू,पिकेश्वरी साहू,डा.एन.के साहू,प्रहलाद चंद्राकर, अजय धीवर,ईतवारी साहू, एमन चंद्राकर, संतोषी,संतु,उमा सिन्हा,उतरा साहू,सरिता देवी चंद्राकर, शैल चंद्राकर, लक्ष्मी धीवर ,वदना जोशी उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों से महफिल को रौनक कियाः आस

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश प्रेम की भावना को जागृत करने कार्यक्रम 'शिकसा ऐ मेरे वतन के लोगों' का आयोजन किया गया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीते 6 स्वर्ण, 9 रजत व 26 कांस्य पदक

**खेल प्रतिभाओं का सम्मानः आयोजन में बीएसपी के कार्यपालन निदेशक पवन कुमार प्रमुख रूप से शामिल हुए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शालाओं के विद्यार्थी, वर्षभर विभिन्न स्तरों की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को भिलाई निवास में इन स्पर्धाओं के प्रतिभागी, विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार मुख्य रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसपी अधिकारी उत्पल दत्ता ने की। मंच पर मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी, शिखा दुबे, राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। इस समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं शाला प्रमुख भी उपस्थित थे।

### खेल से सामर्थ्य, साहस और समर्पण का विकास संभव

पवन कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिक्षा विभाग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा खिलाड़ी भावना, छात्रों में सामर्थ्य, साहस और समर्पण आदि गुणों के विकास में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि यह सफलता की प्रथम सीढ़ी है और खिलाड़ियों को आगे भी प्रयास करते हुए उच्चतम प्रतिमानों को हासिल करना है। उत्पल दत्ता ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी संयंत्र एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने क्रीड़ा समन्वयकों के योगदान की भी सराहना की।



### एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, फुटबॉल के खिलाड़ी हुए सम्मानित

भिलाई इस्पात संयंत्र के सत्र 2023-24 में लगभग 250 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न खेलों जैसे एथलेटिक्स, बाक्सिंग, हैण्डबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वोलीबॉल, जूडो, कराटे, फेंसिंग ,चेस, क्रिकेट, गटका आदि खेलों में भाग लिया था। इसमें स्कूल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 54 खिलाडियों ने भाग लिया। 34 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 05 ने स्वर्ण पदक, 07 ने रजत पदक तथा 22 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर कुल 34 पदक हासिल किया। स्कूल राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागी खिलाड़ियों की संख्या 17 है, जिसमें 01 रजत तथा 01 कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं। ओपन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 02 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें 01 स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। ओपन राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागी खिलाड़ियों की संख्या 12 थी, जिसमे 01 रजत पदक तथा 03 कांस्य पदक प्राप्त हुए। इन पदक प्राप्त खिलाड़ियों को बीएसपी अधिकारियों ने सम्मानित किया है।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा के राज में पुलिस प्रशासन लाचारः मुकेश



**भिलाई** । जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने जिले में बढ़ रहे हैं अपराध और उनकी सरकार के नुमाइंदों द्वारा दिए जा रहा है संरक्षण से शहर में चल रहे हैं होटल स्कूल कॉलेज व सार्वजनिक पार्कों में परोसे जा रहे हैं अवैध शराब,ड्रग्स की सूचना पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को कड़ाई से कार्रवाई करने की मांग की है। चंद्राकर ने हाल ही में हुए एक वायरल वीडियो में भा.जा.पा विधायक के प्रतिनिधि द्वारा दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को दिए जा रहे नसीहत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह वीडियो से साफ दिखाई देता है की भाजपा के राजनेताओं का प्रशासन पर कितना नियंत्रण है। उन्होंने कहा है कि यह घटना बताता है कि भाजपा के नेताओं का किन-किन लोगों से साथ गाठ है। मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा हैं। आम लोग इस बढ़ते अपराध से परेशान हैं।सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में फेल साबित हो रही है। यही कारण है कि वैशाली नगर विधानसभा में अवैध शराब का कारोबार फलने फूलने लगा है। प्रदेश में खुलेआम चल रहे महादेव सट्टा एप शराब व ड्रग्स का कारोबार यहां के युवाओं को संकट में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैशालीनगर में गुंडागर्दी और नशाखोरी बढ़ रही है। सट्टे का अवैध कारोबार फलफूल रहा है। कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## कार्रवाई: सड़क किनारे से दो दर्जन से ज्यादा फुटकर दुकानें हटाई गई

# जोन 1 नेहरू नगर चौक से मॉल तक हटाया निगम ने अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जोन वन नेहरूनगर चौक से मॉल तक अवैध कब्जे हटाए गए।सड़क किनारे बड़ा-बड़ा घेरा बनाकर दुकान संचालकों द्वारा अवैध रूप से सड़क के किनारे फल जूस नारियल पानी नाश्ता सेंटर चाय पकौड़े एवं फास्ट फूड बेचने वालों पर यह कार्रवाई की गई। लोग ठेला, टीन का शेड, बांस बल्ली, तिरपाल, लगाकर लगाकर अस्थायी दुकान लगाकर संचालन किया जा रहा था। जिसे जोन 01 नेहरू नगर एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम द्वारा अस्थायी दुकानों को जेसीबी द्वारा हटाने की बड़ी कार्यवाही करते हुए जगह को खाली करवाया। मलबे को डंपर से भरकर हटवाया गया जिससे रोड बाधित न हो।

हरिभूमि सरोकार



### ठेले-खोमचों को किराए से चला रहे थे रसूखदार दुकानदार

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी, कि कुछ दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से दुकान लगाकर संचालन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर आयुक्त ने जोन 1 के अधिकारियो को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि दुकानदारों द्वारा अस्थायी दुकान लगाकर संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क पर दुकान संचालन से भीड़ इक्कठा हो रही है और आने जाने वालो को असुविधा हो रही है। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि कुछ रसूखदार जो सामने नहीं आते हैं पर्दे के पीछे व्यापार करवाते हैं। पहले छोटा सा घेरा करके व्यापार करेंगे फिर धीरे-धीरे बढ़ते बढ़ते जाएंगे सड़क के किनारे की पूरी जमीन पर अपना कब्जा बना लेंगे।

**ट्रैफिक हो रहा था जामः** छोटी-छोटी इन दुकानों की वजह से ट्रैफिक जाम हो जाता था। जिसे देखकर जोन 01 नेहरू नगर की टीम द्वारा मौके पर पहुचकर जे.सी.बी. के माध्यम से सभी दुकानों को एक लाइन से हटाया और जगह को खाली करवाया। निगम की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, फिर भी आदत से मजबूर व्यवसाय शुरू कर देते हैं। नेहरू नगर चैंक से सूर्या मॉल चौक तक दुकान हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, निरंजन असाटी, यादरामचंद्राकर , शशांक सिंह स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## सुपेला अंडरब्रिज के सामने कब्जों पर निगम का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्व. विद्यारतन भसीन अंडरब्रिज सुपेला के मुहाने पर हर रोज शाम को जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। यहां पर ठेले-खोमचे लगाकर चना, मुर्रा, फली, चाट, भेल बेचे जाते है। यहीं से आकाशगंगा की ओर जाने वाली सड़क मुड़ता है। अंडरब्रिज के सामने शाम होते ही ठेलों का जमावड़ा लग जाता है। आकाशगंगा साइड में बड़ी दुकानें है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, कपड़े के शोरूम, मोबाइल आदि की दुकानें शामिल है। इन दुकानों में खरीदार वाहन से आते-जाते है। यहां पर तिराहे की स्थिति बन जाती है। अंडरब्रिज के सामने लगे फुटपाथ की ठेले और खोमचों से जाम लग जाता है। लोग कार और दुपहिया वाहन खड़ी कर भेल, चाट, फल्ली आदि खरीदते और खाते भी है। जिसकी वजह से अंडरब्रिज से आवाजाही करने वालों को काफी दिक्कते उठानी पड़ रही है। भिलाई निगम के अधिकारी रोज इसी अंडरब्रिज से गुजरते है लेकिन उनका ध्यान नहीं जाता।

### कार पार्किंग करने वालों पर मेहरबान निगम

सुपेला ओवरब्रिज के नीचे दुर्गा जाने वाली मुख्य मार्ग के किनारे रि-सेल वाहनों का कारोबार चलता है। यहां पर विक्रेता कार से लेकर अन्य बड़ी वाहनों को पार्किंग कर रहे है। जिसकी वजह से प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज से सुपेला चौक आने वालों को दिक्कतें उठानी पड़ती है। भिलाई निगम ने यहां पर तीन महीने पहले बड़ी कार्रवाई की थी और बकायदा मॉर्किंग भी की। उसके बाद इस स्थान को यू ही अपने हाल पर छोड़ दिया है। जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। कई बार दोनों साइड से वाहन आने पर इतनी जगह नहीं बच पाती कि साइड मिल सके। बड़ी मुश्किल से वाहन गुजरता है। उसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरटीओ भी यहां पर वाहन पार्किंग करने वालों को चेतावनी दी है।

## मनवा-कुर्मी समाज ने पूर्व सीएम को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मनवा-कुर्मी क्षत्रिय समाज और धर्मशाला समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सम्मानित किया। समिति के प्रतिनिधि भिलाई-तीन स्थित बघेल के निवास पहुंचे, जहां पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंटकर बघेल को सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि राज्य में छत्तीसगढ़ी संस्कृति तथा ग्रामीण पारंपरिक खेलकूदों को पुनर्जीवित करने वाले भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री के रूप में याद किए जाएंगे। वर्तमान में वे पाटन विधायक भी हैं। दुर्ग नगर इकाई अध्यक्ष रोशन वर्मा तथा धर्मशाला समिति के अध्यक्ष धरम पाल वर्मा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने भूपेश बघेल से मुलाकात की। उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार वर्मा, गजानंद वर्मा, कौशल वर्मा, अरुण बघेल, हिम्मत राम वर्मा, डॉ. डीके मंडरिक, खड़ानंद वर्मा, काशीराम मढ़रिया, कौशल आडिल, ओमप्रकाश वर्मा, मेघनाथ वर्मा, नोहर आडिल, डॉ. भूपेंद्र वर्मा, दीनानाथ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, छबि लाल वर्मा शामिल रहे। दुर्ग राज से राज प्रधान दुलारी वर्मा, बिटावन वर्मा, कुमुद मढ़रिया, रुखमणि मढ़रिया, सविता परगनिहा, कालिंद्री नायक, भिलाई से ईश्वरी वर्मा, चंद्र कुमार वर्मा, साहित्यकार परदेशीराम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। समाज के लोगों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री से सामाजिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आगामी दिनों होने वाली सामाजिक बैठक और उसके एजेंडे को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समाज की आगामी बैठक जल्द तय की जाएगी।

- भिलाई-3 स्थित भूपेश बघेल को निवास कर पहुंचकर दी बधाई
- सामाजिक विषयों को लेकर चर्चा, जल्द ही बैठक में कई निर्णय लिए जाएंगे

### अखिल भारतीय उड़िया समाज के तांडी बने प्रदेशाध्यक्ष



**भिलाई**। अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक शुक्रवार को सुपेला में संपन्न हुई। जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान समाज में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई। जिसमें जेएम तांडी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाने समाज के लोगों ने निर्णय लिया। सभी एक होकर जेएम तांडी को समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। बैठक में राजेन्द्र नाग, अर्जुन कुमार, दीनबंधु तांडी, तरुण निहाल, दया निधि विभार, रतन तांडी, आशीष नंदा ,अर्जुन विभार, शंकर निहाल,संजय सोनवानी, धर्मेन्द्र सिक्का, लखपति सोना मौजूद थे।

## हर शनिवार को गांव में स्वच्छता अभियान



**सोमनी**। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जनपद सीईओ तनुजा मांझी के आदेशानुसार प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम धीरी के ग्रामीणों को स्वच्छता, ओडीएफ प्लस मॉडल, स्थायित्व, सोख्ता गड्ढा का महत्व, दूषित जल से होने वाली हानियों, कचरें का निपटान, नारा लेखन, स्वच्छता रैली, स्कूलों की सफाई सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रत्येक घर एवं दुकानों से गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों द्वारा यूजर चार्ज तीस रुपए देने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

## भाजपा सदस्यता अभियान के लिए विधायक की सहमति से बनाई टीम

**भिलाई**। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के सदस्यता अभियान शुरू हो गई है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और अध्यक्ष महेश वर्मा की सहमति, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे की अनुशंसा से इसके लिए टीम का गठन किया गया। रिसाली मंडल सदस्यता अभियान टोली के संयोजक अजीत चौधरी एवं सदस्य मनीष यादव, नरेंद्र निर्मलकर, संस्कृति वर्मा को बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ होने जा रहा है। रिसाली मंडल संगठन के अंतर्गत भी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। शेंडे ने बताया कि इस सदस्यता अभियान से सभी लोगों को नए सिरे से पार्टी की सदस्यता जोड़ना है। रिसाली मंडल भाजपा महामंत्री राजू जंघेल एवं दशरथ साहू ने बताया कि भाजपा रिसाली मंडल में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए मंडल सदस्यता अभियान टोली बनाई गई है।



### नंदिनी खदान में विभिन्न मशीनों का आधुनिकीकरण कार्यपालक निदेशक ने किया उद्घाटन

**भिलाई**। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी खदान में विभिन्न मशीनों का आधुनिकीकरण एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी एवं विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सी. श्रीकांत ने नंदिनी खदान में विभिन्न विकास एवं आधुनिकीकरण के कार्यों का लोकार्पण किया।श्री गिरी ने नंदिनी खदान से उच्च गुणवत्ता के लाईम स्टोन को कम लागत के साथ निरंतर आपूर्ति करने हेतु प्रोत्साहित किया।



## ओए ने बीएसपी के दस नए एमटीटी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2024 में भिलाई इस्पात संयंत्र में चयनित युवा अधिकारियों का सम्मान एवं स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में 10 एमटीटी का सम्मान किया गया, जिन्होंने संयंत्र के खदान विभाग में अपनी ज्वाइनिंग दी है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व सीईओ पंकज गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने की। उन्होंने बताया कि सेल में वेतनमान लगभग सभी महारत्नों के बराबर है, जिसके लिए सेफी ने लम्बा संघर्ष किया। अधिकारियों को प्राप्त होने वाला पर्क्स भी कंपनी के अर्जित लाभ पर निर्भर है। अतः सभी कार्मिकों को अपने उज्वल भविष्य के लिए कंपनी को लाभप्रद एवं उत्पादक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी है। निकट भविष्य में अगला पे-रिविजन होना है, जिसके लिए कंपनी के वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महासचिव परविंदर सिंह, तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, नितेश क्षत्री, संजय तिवारी, जेपी शर्मा, अभिषेक कोचर, डीपीएस बरार, अब्दुल शरीफ, रेमी थॉमस, एसआर साहू, संतोष सिंह, प्रदीप मेनन, विरेन्द्र सिंह, राधाकिशुन, आरके ठाकुर, राजेन्द्र मंत्री सहित अन्य मौजूद थे।

- बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन का आयोजन




**बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता हुए शामिल**

# संयंत्र और व्यापारियों में संवाद के लिए समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अपने स्थानीय विक्रेताओं के लिए मिलन समारोह का आयोजन भिलाई क्लब में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। कार्यक्रम में स्थानीय विक्रेताओं के लगभग 60 प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस मिलन समारोह के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय विक्रेताओं को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ संयंत्र और विक्रेताओं के मध्य संवाद के अवसर उपलब्ध कराना है। जिससे आपसी सहभागिता के द्वारा सम्बन्धों को सुदृढ़ बनाकर क्षेत्र के विकास को गति प्रदान की जा सके। बीएसपी के अधिकारी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, एके चक्रवर्ती, बीके गिरी, मुख्य चिकित्सका अधिकारी डॉ. एम रविंद्रनाथ मौजूद थे। केसी मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के समारोह एक कड़ी का काम करते हैं, जो विक्रेताओं को संयंत्र से जोड़ने तथा परस्पर लाभ की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध होते हैं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन

इस अवसर पर संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने सुमधुर एवं यादगार गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में उमेश चितलांगिया, हरीश सहगल, प्रेमचंद लालवानी, जीएस ताम्रकार, एंसलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, शशिभूषण, श्याम अग्रवाल, सुरेश चावड़ा, अशोक जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिवमहापुराण कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक



**भिलाई**। सेक्टर-6 के अग्रसेन भवन में सकल गुजराती समाज जिला दुर्ग द्वारा आयोजित शिवमहापुराण ज्ञानयज्ञ में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। युवा कथाकार नरेश भाई राज्यगुरु (मुंबई) के माध्यम से शिवमहापुराण कथा श्रवण किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 25 अगस्त 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

सड़क का फैशन

## लाइव इवेंट

### इमेजिनेशन फिल्म इंटरनेशनल फेस्टिवल-2024 आज, 21 फिल्मों के स्क्रीन शेयर होंगे





**भिलाई।** भिलाई में पहली बार इमेजिनशन फिल्म इंटरनेशनल-2024 का आगाज होने जा रहा है। 25 अगस्त को होने वाले इस आयोजन में हिंदी, इंग्लिश, छत्तीसगढ़, स्पेनिश, जर्मन की 21 फिल्मों के स्क्रीन शेयर होंगे। इमेजिनेशन फिल्म्स द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस कंपनी ने मैं वायदा निभाऊं, माई मदर माई वर्ल्ड जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाई हैं, जिसमें माई मदर माई वर्ल्ड को 18 पुरस्कार, 15 आधिकारिक चयन और 2 माननीय उल्लेख से सम्मानित किया गया। 25 अगस्त को सुबह 10 बजे होटल सेंट्रल पार्क से इस आयोजन का उद्घाटन होगा। आयोजन में निर्माता-निर्देशक मनोज वर्मा, आईएएस महादेव कावर, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, अंजनेया यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. टी रामाराव प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। फेस्टिवल डायरेक्टर सुषमा चौरे और मैनेजर रजत चौरे ने बताया कि फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। फेस्टिवल में भारत और विदेशों से आई विभिन्न श्रेणियों की फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इसमें डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म्स, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्सपेरिमेंटल शॉर्ट फिल्म जैसी श्रेणियां शामिल हैं। विभिन्न भाषाओं में फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, स्पेनिश, जर्मन और अन्य शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

### पांच जिलों में पीएससी, व्यापमं, बैंकिंग की निशुल्क कोचिंग शुरू

**भिलाई।** जिले में पीएससी, व्यापमं, बैंकिंग सहित अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। प्रदेश के पांच जिलों को इसके लिए चयनित किया गया है। इसमें दुर्ग जिला भी शामिल है। इसके अंतर्गत जल्द क्लासेस शुरू होनी है। जानकारी के मुताबिक पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के बच्चों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार छग लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिग, रेलवे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही स्वंय, च्वाइस सेंटर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी तरह यदि हितग्राही की मृत्यु दिनांक 9 जून 2020 से पहले हुई है, तो वे योजना के लिए उनके बच्चे पात्र हैं। इसी तरह वे हितग्राही जो नवीन योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से जुड़े हुए हैं। वे भी निशुल्क कोचिंग के योजना में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक इस कोचिंग में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों क्लासेस लगेंगी। ताकि विभिन्न परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को दोनों विकल्प मिल सके।

#### दुर्ग में कोचिंग क्लासेस शुरू, अन्य जिलों में भी होगी शुरुआत

जानकारी के मुताबिक पीएससी, व्यापमं व बैंकिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग योजना शुरू की गई है। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से प्रदेश में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए है। इसकी शुरुआत हो गई है। प्रदेश के पांच जिले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव और धमतरी में क्लासेस शुरू हो गई है। जबकि कोरबा, महासमुंद, अंबिकापुर, जगदलपुर व जशपुर में प्रवेश और काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले कुछ दिनों में इन जगहों पर भी क्लासेस लगनी है।

## सिटी इवेंट

### सीबीएसईः हिंदी और अंग्रेजी में रीडिंग चैलेंज स्पर्धा के लिए रजिस्ट्रेशन 25 तक

**भिलाई।** वर्ष 2024-2025 एकेडमिक ईयर में सीबीएसई की ओर से रीडिंग चैलेंज का आयोजन किया जाएगा। ये चैलेंज अगस्त-सितंबर में ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होंगे। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10वीं तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। सीबीएसई की ओर से इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार स्टूडेंट्स में पढ़ने के प्रति रूचि पैदा करने के लिए इस तरह का रीडिंग चैलेंज आयोजित किया जा रहा है। इस एक्टिविटी में सीबीएसई से संबंधित स्कूल के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन होनी वाले प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर में की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए सभी विद्यालय को पंजीयन कराना होगा। इसके बाद विद्यालय स्तर पर पहले चरण में ऑफलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए 10-10 स्टूडेंट्स का चयन किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में कक्षा 6वीं से लेकर 10वीं तक के दो-दो स्टूडेंट्स शामिल होंगे। दूसरा चरण सीबीएसई के रीडिंग चैलेंज ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। ये प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में आयोजित होगी। रीडिंग चैलेंज के लिए पहले चरण का रजिस्ट्रेशन 1 अगस्त से शुरू होकर 25 अगस्त तक जारी रहेगा।

## हेरिटेज फेस्ट : अक्षयपात्र सेक्टर-6 में जन्माष्टमी के अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन

# गोपियों संग रासलीला, कृष्ण के वियोग में डूबी राधा और माता यशोदा का वात्सल्य देख भावविभोर हुए भक्त, आज होगी धनवंतरी पूजा

बाल कृष्ण का नटखट पन, माखन चोरी, वृंदावन में गोपियों संग रास लीला और कृष्ण के वियोग में डूबी राधा रानी का नृत्य के माध्यम से सजीव चित्रण, शास्त्रीय नृत्य में माता यशोदा का वात्सल्य की मनोहारी प्रस्तुति से पूरा वातावरण मथुरा-वृंदावन से सराबोर नजर आया। अवसर था सेक्टर 6 हरे कृष्णा मूवमेंट अक्षय पात्र में जन्माष्टमी पर आयोजित हेरिटेज फेस्ट 2024 का। शनिवार को स्कूली बच्चों की विभिन्न कैटेगिरी में शास्त्रीय नृत्य व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा 18 से 25 अगस्त तक हेरीटेज फेस्ट में आज केरल के गुरुवयूर मंदिर के मुख्य पुजारियों द्वारा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए धनवंतरी पूजा, 108 कलश पूजा और अधिवास व हवन कराया जाएगा।






### कल जन्माष्मी पर होंगे अनुष्ठान व नौका विहार

हरे-कृष्ण मूवमेंट के प्रेम विलास ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को सुबह अधिवास विद्वारथी पूजा, कलश अभिषेक व महाआरती की जाएगी। जिसके लिए मंदिर को ताजे फूलों से खूबसूरत ढंग से मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर सजाया गया है। इस अवसर पर रात 10 बजे से राधा-कृष्ण का विभिन्न द्रव्यों से महाअभिषेक किया जाएगा और 12 बजे महाआरती के बाद मंदिर के श्री विग्रहों का वृंदावन की तर्ज पर नौकाविहार कराया जाएगा।

### आज होगी धनवंतरी देवता की पूजा

हरे-कृष्ण मूवमेंट के प्रमुख व्योमपाद दास ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अक्षयपात्र में हेरिटेज फेस्ट का आयोजन व कई अनुष्ठान आयोजित किए जाते है। लेकिन इस वर्ष प्रमुख रुप से क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए केरल के श्री गुरुवयूर मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारियों द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा, हवन, सुदर्शन हवन, कलश पूजा, और अधिवास हवन सुबह 8 बजे से विधि-विधान के साथ संपन्न कराए जाएंगे।



### नृत्य व रंगोली में दिखी कृष्ण लीला

जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित हरे कृष्ण मूवमेंट, भिलाई द्वारा हेरिटेज फेस्टिवल में 18 से 24 अगस्त तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें कलरिंग, पेंसिल शेडिंग, कैनवास पेंटिंग, गीता श्लोक उच्चारण, लाइट डांस, सेमी क्लासिकल डांस, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक एवं पाक-कला, रंगोली, निबंध, स्टोरी राइटिंग, फ्लावर डेकोरेशन शामिल थे। जिसमें डीपीएस दुर्ग, भिलाई, श्री शंकरा विद्यालय, मैत्री विद्या निकेतन आदि स्कूलों के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान नृत्य एवं संगीत के प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा पूरे मंदिर प्रांगण को कृष्णमयी बना दिया जिसकी शोभा देखते ही बनी।



### प्रतियोगिता में किया जजमेंट

हेरिटेज फेस्ट में शनिवार को कृष्ण व धार्मिक थीम पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रंगोली आर्टिस्ट आरके भीमा, गायनोलॉजिस्ट डॉ मानसी गुलाटी, शास्त्रीय नृत्य व गायन में खुशी जैन, सुनयना जसबीर व मिथुन दास उपस्थित थे।

# ट्रेनिंग प्राप्त स्ट्रीट वेंडर्स कर सकेंगे व्यापार, गुमटियां भी मिलेंगी : रिकेश

**भिलाई।** स्ट्रीट वेंडरों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 350 से ज्यादा व्यापारी शामिल हुए। उन्हें ट्रेनिंग के दौरान नियम औरअधिकार की जानकारी दी गई। अंतिम दिन वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन कार्यक्रम में शामिल हुए। शहर के चौक चौराहों पर सुव्यवस्थित फूड जोन, साफ सुथरे खाद्य और व्यवस्थित चौपाटी की रूपरेखा तय करने के साथ साथ किस प्रकार से स्ट्रीट वेंडर्स नियमों का परिपालन करते हुए व्यवसाय कर सकते हैं इसके मद्देनजर भिलाई के सुपेला में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से विगत तीन दिनों से वेंडर्स कार्यशाला का संचालन हो रहा है, जिसमें चयनित सैकड़ों स्ट्रीट वेंडर्स प्रशिक्षण ले रहे हैं।



### फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया दे रही ट्रेनिंग

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला में ठेले को साफ सुथरा और कीड़े मकोड़ों से मुक्त रखने, खाद्य पदार्थ के लिए पीने के स्वच्छ पानी का प्रयोग करने, गर्म व ठंडे खाद्य के लिए उचित तापमान व्यवस्था, ठंडे तापमान पर रखे जाने वाले खाद्य पदार्थों का उचित भंडारण, अलग-अलग चोपिंग बोर्ड, चाकू का उपयोग, साफ कपड़े या वर्दी की वेशभूषा, छींकने, खांसने या वाशरूम के बाद हाथ धोकर ही भोज्य प्रबंध, बीमार होने की स्थिति में खाना बनाने या परोसने का कार्य न करने, बर्तन आदि को पोंछने स्वच्छ कपड़े का प्रयोग, खाद्य कचरे के निपटारे के लिए अलग एवं ढके हुए कूड़ेदान का प्रयोग जैसी स्ट्रीट वेंडर के लिए अनेक उपयोगी और ध्यान रखने योग्य बातों की जानकारी और ट्रेनिंग इस कार्यशाला में नेस्ले एफएसएसएआई टीम द्वारा दी जा रही है।

### नीति-नियमों का पालन जरूरी, दिए जा रहे टिप्स

सेन ने बताया कि कार्यशाला में वेंडर्स को यह भी बताया जा रहा है कि किस प्रकार उनको नियमों का परिपालन करते हुए अपनी दुकान व व्यवसाय की ग्रोथ करनी है। उनका जो कानूनी अधिकार है, यह सभी बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि स्ट्रीट वेंडर्स तमाम बातों और सावधानियों को ध्यान रखते हुए सुगम ढंग से व्यवसाय कर सकें। वैशाली नगर विधानसभा में पाँच सौ से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स हैं जो चाय, इटली, डोसा, गुपचुप, मैगी, पिज्जा, बर्गर, लिट्टी चोखा सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को तैयार कर बेचते हैं, इन सभी की कार्यशाला करवानी पड़ी है ताकि न तो भिलाई के लोग इनकी अस्वच्छ खाद्य सामग्रियों का सेवन कर बीमार पड़ें और न ही इनकी शिकायत होने पर निगम इनको व्यवसाय से बेदखल करे।

# मोहन सुंदरानी कल दुर्ग में, बालक दास जयंती समारोह में होंगे शामिल



**दुर्ग।** सतनामी आश्रम कसारीडीह में 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे से गुरु बालक दास का जन्म जयंती उत्सव मनाया जाएगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ फिल्मों के पितामह माने जाने वाले मोहन सुंदरानी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर पंथी सम्राट स्वर्गीय देवदास बंजारे की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। पंथी एवं साहित्य विकास समिति द्वारा यह कार्यक्रम होगा। आयोजन में मोहन सुंदरानी अतिथि होंगे। इसमें सुरता देवदास पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष पुराणिक लाल चेलक, उपाध्यक्ष दिलीप बंजारे, कोषाध्यक्ष मोहनदास चतुर्वेदी एवं अन्य सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समिति के संयोजक द्वारिका चंद्रवंशी ने दी।

## याद ए रफी : अनामिका द म्यूजिकल इवेंट्स और क्रीड़ा सांस्कृतिक विभाग का संयुक्त आयोजन

# महज 14 वर्ष की उम्र में अपनी आवाज का दिवाना बनाने वाले रफी ने अमूल्य विरासत छोड़ी, मेरी आवाज सुनो...प्यार का मौसम... जैसे गीतों ने उस दौर की याद दिलाई

**कार्नर न्यूज**

क्रीड़ा सांस्कृतिक विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र एंव अनामिका द म्यूजिकल इवेंट्स द्वारा मखमली आवाज के धनी मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर याद ए रफी कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में स्थानीय कलाकारों ने उनके गाए गीतों को गातकर इस मशहूर गायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अद्भुत आवाज के धनी रहे मोहम्मद रफी के गाए सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई। संस्था के डॉयरेक्टर तरूण देशमुख, जानकी रमैया, शेख जाकिर, डॉ. विद्या वैद्य, डॉ. नितिन वैद्य, आईडी चन्द्राकर, सुनील पंच, वी सुग्रीव, आरिफ खान, जीवन वर्मा ने अपने-अपने गीतों से लोगों को थिरकने मजबूर कर दिया। सभी ने गीतों का आनंद लिया। इसी बीच सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत भी किया गया।



### बहुत छोटी उम्र में ही रफी के गाए गीतों ने प्रसिद्धी पाई

मोहम्मद रफी फैंस प्रशांत कुमार ने इस अवसर पर कहा कि बस नाम ही काफी दिलों में कशिश जगाने के लिए काफी है। महज 13 से 14 वर्ष की आयु में जिसने अपनी आवाज से लोगों को दीवाना बना लिया, वे थे मोहम्मद रफी। वे किसी विशेष परिचय के मोहताज नहीं हैं। वे संगीत की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने 35 वर्षों में अपने गाए गीतों से एक समृद्ध विरासत छोड़ी है। उनके गीत आज भी लोकप्रिय हैं। रफी साहब ने 26 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक भाषाओं में गाना गाने का रिकॉर्ड भी इस महान कलाकार के नाम है। अपनी मनमोहक आवाज से उन्होंने 14 भारतीय भाषाओं और चार विदेशी भाषाओं में गीत संगीत में अपनी आवाज दी। अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी उन्होंने गीत गाए।

### कोटला सुल्तान नामक छोटे से गांव में हुआ था जन्म

इस अवसर पर बताया गया कि रफी साहब का जन्म 19 दिसंबर 1924 में पंजाब के अमृतसर जिले कोटला सुल्तान सिंह नामक छोटे से गांव में हुआ था। उनके पिता हाजी अली मोहम्मद एक दर्जी होने के साथ एक शास्त्री कव्वाली गायक भी थे। भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में पीटी उल्लास कुमार, अनिल बल्लेवार, राजेश जैन सराफ, ज़ाहिद अली, हेमंत कुमार साहू, हेमंत कुमार, ईश्वर सिंह राजपूत, विनोद कोम्बे, जितेश घुड़े, मिस्टर गुलाल, सियानंद गुप्ता, आनंद शिंदे, मेहमूद अली, कमाल अख्तर निजामी, बीडी निज़ामी, सुरेंद्र कपूर सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## आर्य समाज ने 52 संस्कृत शिक्षकों को किया सम्मानित



**भिलाई।** आर्य समाज दवरा संस्कार और संस्कृति को एकीकृत करने वाले 52 संस्कृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आर्य समाज के पूर्व प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी संस्कार और संस्कृति दोनों से दूर होती जा रही है। ऐसी विकट परिस्थिति में संस्कृत शिक्षकों की जिम्मेंदारी बढ़ गई है। संस्कृत जीवन मूल्य को सिखाने वाली भाषा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय आर्य एवं संतोष कुमार चौबे ने किया। संस्कृत मित्र मंडल की अध्यक्षा आभा चौरसिया ने संस्कृत मित्र मंडल की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों अध्यापकों के साथ-साथ हम अभिभावकों को भी जोड़ेंगे। संस्कृत के प्रति लोगों का रुझान बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डॉ अजय आर्य ने बताया एसोसिएट प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस डॉ. मोनिका आर्य ने आगामी सत्र में गीता स्मरण करने वाले छात्रों को 11000 रु की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है। आर्य समाज के अवनी भूषण ने स्मृति चिन्ह देकर 52 संस्कृत शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षकों द्वारा सिंदूर का पौधा आर्य समाज के प्रांगण में लगाया गया।

■ गीता याद करने वाले छात्रों को करेंगे पुरस्कृत



सिटी इवेंट

## फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को मिला राजभाषा अग्रगण्य पुरस्कार



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा राजभाषा के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम वर्ग में राजभाषा अग्रगण्य पुरस्कार 2023-24 प्रदान किया गया। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड की 59वीं छमाही बैठक में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय भोपाल के सहायक निदेशक हरीश सिंह चौहान एवं बीएसपी निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार,विधि पंकज त्यागी और छगन लाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई को संस्थान के महाप्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में सर्वोत्कृष्ठ एवं उल्लेखनीय कार्य किए जाने के लिए पिछले 17 वर्षों से लगातार प्रथम स्थान पर राजभाषा अग्रगण्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। संस्थान को इस्पात मंत्रालय तथा भारत सरकार, गृह मंत्रलय से भी राजभाषा के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। नगर राजभाषा समिति की मूल्यांकन उप समिति के छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा बसंत कुमार बरहरे को राजभाषा विशिष्ठ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में सर्वोत्कृष्ठ कार्य करने के लिए भारत के गृह मंत्री दवरा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, गृहपत्रिका दर्पण को राजभाषा गौरव पुरस्कार भी मिल चुका है साथ ही इस्पात राजभाषा शील्ड द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। इस अवसर पर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

समाज इवेंट

## गोपिका दुग्ध सहकारी संघ प्रमुख का निधन, श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** गोपिका दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति की प्रमुख राधा यादव (62 वर्ष) का पिछले दिनों दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन पर समिति द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में उनके परिजन और सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि दिवंगत ने यादव समाज के प्रतिनिधित्व के लिए लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। वे अपनी की पेछ पति किसुन लाल यादव, चार पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन निवास स्थल पर ही किया गया। इस दौरान यादव समाज के लोग भी शामिल हुए। इस अवसर पर कमलेश यादव, ब्रजेश कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे। 28 अगस्त को चौक आरती और अन्य कार्यक्रम होंगे।

● हलषष्ठी पर्वः दुर्ग, भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संतान की सुख-समृद्धि के लिए रखा उपवास

# घर-घर पूजे गए भगवान शिव, कार्तिकेय, गणेश और मां जगदम्बा, बलभद्र की जयंती भी मनी

**दुर्ग/भिलाई।** भादो माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठमी तिथि के अनुसार शनिवार को भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलभद्र का जन्म जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा भगवान शिव, कार्तिकेय, गणेश, माता जगदम्बा की भी पूजी की गई। सगरी खोदकर उसमें काशी फूल, खमार पत्ती, टेसू पत्ती, बेर पत्ती और अन्य प्रकार के फूल लगाए गए। शिवजी, कार्तिकेय, गणेश, माता जगदंबा की पूजा की गई महिलाओं ने उनका स्मरण कर उपवास रखकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद पसहर चावल और भैंस के दूध, घी से बने व्यंजनों को आत्मसात किया। छत्तीसगढ़ की इस सालों पुरानी इस परंपरा को लेकर पूरे दिन अलग-अलग जगहों पर पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए। यादवों ने भी इसे उत्सव की तरह मनाया। यादव समाज से आने वाले बैगापारा दुर्ग निवासी बिसे यादव ने बताया कि भगवान कृष्ण के भ्राता हलदर यानी बलराम का गोकुल में जन्म हुआ। क्योंकि भगवान बलराम ने ही हल नामक यंत्र का निर्माण और उपयोग कृषि कार्य में पहली बार किया, इसलिए उनको हलदर कहा गया। इसीलिए उनकी जन्म तिथि को हलषष्ठी कहते हैं। हजार साल पहले कृषि कार्य के लिए खुदाई कुदाल और इसी तरह के यंत्रों से होता रहा। भगवान बलराम द्वापर युग के गदा युद्ध के अद्वितीय विशारद थे। उन्होंने ही दुर्योधन और भीम गदा युद्ध की शिक्षा दी। द्वारका विनाश के बाद बलराम यादवों को लेकर जंगल चले गए। जहां से यादवों ने पशुपालन के व्यवसाय को अपनाया। यहीं से यादव ठेठवार कहलाए। बलराम को महावीर संबोधित करते हैं। इनका झंडा खुर के आकार की लकड़ी का होता है, जिसमें बलराम अंकित होते हैं। इसे खुरहर कहते हैं। ठेठवारों का खुर चिन्ह और पूजनीय पताका है। दुर्ग शहर में वार्ड नंबर 6 ठेठवार पारा में ठेठवार जाति के लोग आज भी बहुताया में हैं। शनिवार को त्रिशूल चौक में हलदर श्री की मुख्य पूजा हुई।





### संतानों की लंबी उम्र का कामना की

ग्राम पंचायत समोदा में कमर छठ पूजा करते हुए गांव की महिलाओं ने अपने पुत्र की लंबी उम्र की कामना करते हुए उपवास रहकर पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी एवं लाई, चना, महुआ, हर्रा, बहेरा का प्रसाद वितरण किया। जमीन में सगरी खोदकर उसमें काशी फूल, खमार पत्ती, टेसू पत्ती, बेर पत्ती और अन्य प्रकार के फूल लगाए गए। शिवजी, कार्तिकेय, गणेश, माता जगदंबा की पूजा की गई।



### सेक्टर-4 के शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा



सेक्टर-4 सड़क-27 के शिव मंदिर में भगवान बलराम के जन्मोत्सव पर संतान प्राप्ति एवं संतानों की स्वास्थ्य, समृद्धि और दीर्घायु के लिए सेक्टर -4 की महिलाओं ने कमरछट पूजा का आयोजन किया गया। सगरी में पूरे विधि-विधान के साथ गायत्री प्रज्ञा मंडल की बुधवंतिन साहू ने कार्यक्रम संपन्न कराया। इस अवसर पर ईश्वरी नेताम (पार्षद), कल्याणी वर्मा, द्रोपदी वर्मा, सुलोचना, संगीता सिंह, रागिनी वर्मा, रेणु वर्मा, मेनका परगनिहा, दीपमाला शर्मा, कमला साहू, आरती सिंह, परविंदर कौर, सीता वर्मा, वीरु ठाकुर, भूमिका हिरवानी, खिलेश्वरी निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

आयोजन

## राज्य स्तरीय बेंच प्रेस स्पर्धा आज 100 से ज्यादा खिलाड़ी होंगे शामिल



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिग एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला पावर लिफ्टिग एसोसिएशन दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में 25 अगस्त को बेंच प्रेस प्रतियोगिता आयोजित है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 100 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन रविवार को स्वामी विवेकानंद सभागृह पदमनाभपुर दुर्ग में होगा। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव होंगे। विशेष रूप से डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, कौशल कुमार ताण्डी को आमंत्रित किया गया। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अगले महीने गोवा में आयोजित राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों ने बताया कि आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह साढ़े 10 बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए ठहरने के इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि दुर्ग जिला के खिलाड़ी पिछले कुछ समय से लगातार राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते रहे हैं। इस प्रतियोगिता को काफी अहम माना जा रहा है। इस प्रतियोगिता के आधार पर ही चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। उपस्थिति प्रार्थनीय एवं वंदनीय है।

इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन का आयोजन

## एसआईओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भिलाई प्रवास, शिक्षा-हेल्थ पर चर्चा




**भिलाई।** भारतीय युवा छात्रों के संगठन स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इण्डिया एसआईओ छत्तीसगढ़ की ओर से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमीस का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। इस अवसर पर नूरुल इस्लाम मस्जिद, फरीद नगर, सुपेला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नैतिक परिवर्तन स्वयं के जीवन और समाज पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरआन की तिलावत से हुई। स्वागत के बाद अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमीस ई ने कहा कि हम सभी को मिलकर एक सुंदर समाज बनाना है। सभी को शिक्षा हासिल हो इसके लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। समाज में किसी के साथ अन्याय न हो इसका ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके में किसी को भी किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता है चाहे वो शिक्षा हो या स्वास्थ्य हो, हमें उसकी हर संभव सहायता करने की कोशिश करनी है। साथ ही सरकारों द्वारा नागरिकों को मिलने वाली सहायता व कल्याणकारी कार्यक्रमों विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराना है। कार्यक्रम को एसआईओ के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष एसके अमानुल्लाह सहित ने भी संबोधित किया। आयोजन में एसआईओ भिलाई के अध्यक्ष शोएब अली एवं इकाई के मो जसीम, जुल्करनैन और ज़ैद सहित सभी साथियों का योगदान रहा।

■ सभी के शिक्षा के लिए मिलकर करेंगे काम :रमीस

गर्व का दिन :चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की पहली वर्षगांठ

कार्नर न्यूज

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का आयोजन

## प्रदर्शनी में बच्चों ने कराई अंतरिक्ष दुनिया की सैर, मॉडल और चार्ट में दिखी क्रिएटीविटी

**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग में विज्ञांतरिक्ष एवं प्रज्ञ 2024 विज्ञान व अन्य विषय की कला समेकित अधिगम की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरी से लेकर बारहवीं के छात्रों ने खुद से बनाए मॉडल व चार्ट के जरिए अतिथियों को अंतरिक्ष की दुनिया का सैर कराया। जिसमें बच्चों की क्रिएटीविटी देखकर उपस्थित जनों ने खूब सराहा। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रकाश वाकोडे डीन शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, विद्यालय की अध्यक्ष सत्यवती तिवारी, एकेडेमिक डायरेक्टर दीप्ति तिवारी, ऑपरेशन डायरेक्टर मनीष तिवारी, निदेशक बृजमोहन उपाध्याय द्वारा किया गया।



### प्रदर्शनी के दौरान छात्रों ने मॉडल के बारे में विस्तार से बताया

प्रदर्शनी का अवलोकन अनिल आर शिर्के डीन अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, प्राचार्या मनप्रीत फुलमाली, एकेडेमिक कोआर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु, एस राजीव द्वारा करते हुए संबंधित छात्रों से उनके मॉडल के बारे में विवरण भी लिया। इस दौरान कक्षा तीसरी से बारहवीं के लिए विज्ञान व अन्य विषयों से संबंधित विविध मॉडल व चार्ट की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्रों ने विविध प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए जो अंतरिक्ष, उपग्रह, डी सी मोटर, ट्रांसफार्मर, सौर प्रणाली, गणित, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत विभाग के मॉडल व चार्ट के साथ चित्र प्रदर्शनी सहित विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित थे। प्रदर्शनी का अवलोकन कर अतिथियों ने छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की। संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रौद्योगिकी ने छात्रों को अधिक कुशल बना दिया है और हमें यह भी बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में असीमित अवसर हैं। उन्होंने सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रयासों के साथ आगे बढ़ने प्रेरित किया।

### बच्चों ने टेलिस्कोप से देखा अंतरिक्ष की दुनिया



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया। शिक्षिका गीता माली के निर्देशन में अंतरिक्ष से संबंधित प्रश्नोत्तरी, इसरो की उपलब्धियां पर व्याख्यान, रचना पाल के निर्देशन में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में बच्चों को टेलिस्कोप से संबंधित जानकारी दी गई। चंद्रयान मॉड्यूल पर विशेष वीडियो का प्रसारण किया गया। संजीव कुमार भदोरिया, राजेश चंद्राकर, रचना पॉल, वीके यादव, वृषभ वर्मा एवं गीता माली ने जानकारी साझा की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर में जल्द प्रारंभ होगी आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी, घोषणा



**रायपुर।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा संचालित गैर आवासीय फुटबॉल अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत बालिका खिलाड़ियों को संतुलित आहार और मानसिक विकास के संबंध में सेमीनार के माध्यम से जागरूक किया गया। एजूकेटर एवं काउंसलर एक्सपर्ट डॉ. नेहा सिंह ने खिलाड़ियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर के प्रथम तल स्थित कुश्ती हॉल में खिलाड़ियों को जागरूक किया। खिलाड़ियों के अवेयरनेस ट्रेनिंग सत्र में खिलाड़ियों के बीच संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम उपस्थित रहीं। इस दौरान खिलाड़ियों को प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और कार्बोहाइड्रेट्स की संतुलित मात्रा की जरूरत और संतुलित आहार की जानकारी दी गई। इस दौरान खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि फुटबॉल खेल में बालिका खिलाड़ियां बहुत ही सराहनीय और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने शासन के समक्ष गैर आवासीय अकादमी को आवासीय रूप में संचालित करने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर हमें सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। रायपुर में जल्द ही आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी प्रारंभ होगी।

नयूट्रिशन एवं मेंटलहेल्थ बिल्डअप सेमिनार में बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की खिलाड़ी भूमिका साहू, संजना छूरा, नेहा वंशी, निधी लकड़ा, प्रियंका फुटॉन, पायल यादव, मेनका सचदेव, नुपूर धीवर, यामिनी ढीमर, मेघा पटेल, संजना धीवर, दीपिका यदु, मानसी यादव, वंशिका चंदेल, कात्यानी तिवारी, भूमिका मल्लेवार, दुर्गा यादव, हर्षिता मसीह, नंदिनी यादव, भावना साहू, गीतांजली बाघमार, लक्ष्मी नायक, ममता यादव, उर्वशी भोई, सुहिना यादव, प्रतीक्षा साहू, सार्थी ताण्डी, लावण्या जैन, मीठी सिंह, किंजल साहू, हरमन वीर कौर, समृद्धि वीर, श्रेया मौर्य, वंदना धृतलहरे, प्रियांशी शर्मा, दिशा विश्वकर्ता, अंजली झारिया, डालसी मसीह, तनिषा बाघ, मुस्कान ताण्डी, रम्भा साहू, मानसी पालीवाल, अनामिका यादव, पायल मण्डल, निधि यादव, मुद्रिका तनवर, गायत्री यदु, गुंजन पटले, रजनी कुमारी एवं देवंतीन निषाद शामिल हुए। खिलाड़ियों के साथ ही फुटबॉल की वरिष्ठ प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो एवं प्रशिक्षक संविदा सरिता यादव भी शामिल हुए।

### संभाग शालेय शतरंज चयन स्पर्धा में रायपुर जिले का रहा वर्चस्व




**रायपुर।** रायपुर संभाग स्तरीय शालेय शतरंज चयन स्पर्धा गुरु तेग बहादुर धर्मशाला पिथौरा में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के संयोजक सुधीर प्रधान ने उदघाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेलभावना और अनुशासन को दृष्टिगत रखते हुए अपना बेस्ट परफार्मेंस दे ताकि हमारी रायपुर संभाग की टीम राज्य चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश की टीम में जगह बना सके। प्रतियोगिता संचालक हेमन्त खुटे ने बताया कि इस संभाग स्तरीय शालेय शतरंज चयन स्पर्धा में रायपुर, महासमुंद, धमतरी,गरियाबंद और बलौदाबाजार जिले से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। आगामी 23 सितंबर से 26 सितंबर तक महासमुंद में आयोजित होने वाली राज्य चयन स्पर्धा में ये सभी चयनित खिलाड़ी खेलने की पात्रता रखेंगे। राज्य चयन स्पर्धा हेतु चयनित खिलाड़ियों में अंडर-14 बालक वर्ग में देवांश जैन,विवान रॉय, योगविदय साहू,अद्वित पांडेय, अंडर-14 बालिका वर्ग में अंशिका मिंज,अपविका पांडेय, अदिति आदित्य, आराध्या तिवारी,आस्था सतपथी, अंडर-17 बालक वर्ग में उत्कर्ष यादव,शुभांकर बामलिया, विशु साहू,अभिनव वर्मा, शौर्य मोहता, अंडर-17 बालिका वर्ग में तनीषा ड्रोलिया,प्राची तांडी,रिधिमा शर्मा, साक्षी वर्मा,अंडर-19 बालक वर्ग में अदम्य साहू,प्रेरक साहू,चंद्रकांत पटेल,लकी फारूकी,जनेंद्र चेलक और अंडर-19 बालिका वर्ग में तोषिका भोई,तनुजा चौहान, जसोवंती साव,डॉली कुरील और कावेरी साहू शामिल हैं। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक एफ ए रॉकी देवांगन व प्रतियोगिता संचालक हेमन्त खुटे थे। स्पर्धा के कुशल संचालन हेतु गठित आर्बिटर पैनल में अखिलेश कर, राजेश्वरी ध्रुवंशी, रामकुमार विश्वकर्मा शामिल थे। प्रतियोगिता के सहसंयोजक राजेश भोई, ऑफिशियल नारायण गभेल,प्रदीप दक्षिणी,हरीश,कुमार श्रीवास, सनत सोनवानी,शिव कुमार बांधे,योगेश सोनवानी, मंजिला चौधरी ने आयोजन को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। महासमुंद डीएसओ अंजली बरमाल व गरियाबंद डीएसओ यू के नेताम ने भी स्पर्धा का अवलोकन कर आयोजन समिति को बधाइयां दी।

उल्लेखनीय है कि रायपुर संभाग स्तरीय शालेय शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन की जिम्मेदारी पहली बार महासमुंद जिला को मिली थी।इससे पूर्व वर्ष 2022 में राज्य शालेय शतरंज चयन स्पर्धा का सफल आयोजन महासमुंद जिला ने किया था। उस सफल आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुनः इस बार राज्य चयन स्पर्धा का दायित्व महासमुंद जिला को लोक शिक्षण संचालनालय ने सौपा है।

हमेशा याद रखें 'आंत स्वस्थ तो शरीर भी स्वस्थ'

# अपनी आंतों की सेहत सुधारना है तो फाइबर जरूर शामिल करें आहार में

पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पेट और आंतों की सेहत का ठीक रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों को आहार में पौष्टिकता से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए, शरीर को स्वस्थ रखने और आंतों की समस्याओं को ठीक करने में इसके लाभ हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि फाइबर युक्त चीजों को आहार में शामिल करके आंतों की सेहत में सुधार किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि आंत के स्वास्थ्य को सुधारने में आहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फाइबर, साबुत अनाज, फल, सब्जियां और प्रोबायोटिक्स (दही या साउरक्रोट जैसेकिण्वित खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले स्वस्थ बैक्टीरिया) से भरपूर आहार का सेवन करके स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। फाइबर का सेवन पाचन को ठीक रखने और मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है और कब्ज को रोकता है।



### सेब खाने की बनाइए आदत

आपने भी कहावत सुनी होगी, 'एन एपल अ डे कीप डॉक्टर्स अवे' यानी आहार में सेब को शामिल करके स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। सेब में पेक्टिन नामक प्राकृतिक लैक्सेटिव होता है, जो मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है। सेब में फाइबर भी प्रचुर मात्रा में होती है जो कि बेहतर पाचन को बढ़ावा देने में सहायक है। हृदय की सेहत में सुधार करने और शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति में इसके लाभ हैं।

### जरूर करिए दही का सेवन

दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो लाभकारी बैक्टीरिया को बढ़ावा देने और आंतों को स्वास्थ रखने नें आपके लिए मददगार है। अपच जैसी पेट की समस्याओं से बचाव और पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने के लिए दही को आहार का हिस्सा बनाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।



### चिया सीड्स हैं लाभकारी

चिया सीड्स फाइबर का बेहतर स्त्रोत हैं जो पानी को अवशोषित कर सकते हैं और एक जेल जैसा पदार्थ बनाते हैं जो मल त्याग को बढ़ावा देने में आपके लिए लाभकारी है। चिया सीड्स का नियमित सेवन आंतों को स्वस्थ रखने और कब्ज जैसी समस्याओं के जोखिमों को कम करने में आपके लिए काफी फायदेमंद है। इसे आहार का हिस्सा बनाकर आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।





## रात में सोने से पहले करें ये योगासन मिलेगी अच्छी नींद और बेहतर स्वास्थ्य

अच्छी सेहत के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी होती है। अच्छी नींद के लिए सात से आठ घंटे सोना चाहिए। हालांकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में भले ही थकान होती हो लेकिन नींद नहीं होती। लोगों की लाइफस्टाइल में आए बदलाव के कारण देर रात तक लोग जगते हैं। फोन की लत और सोशल मीडिया व टीवी देखने की आदत के कारण आजकल अधिकतर लोग काफी देर रात तक जागते रहते हैं। इस कारण उन्हें अच्छी नींद नहीं आती और सेहत पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में सोने से पहले कुछ योगासन और स्ट्रेचिंग करके आप रात को अच्छी नींद ले सकते हैं। योग व स्ट्रेचिंग आपके स्ट्रेस को दूर करती है। मांसपेशियों को आराम देने के साथ शरीर को लचीला बनाने में भी मदद करती है। ऐसे में अच्छी नींद और सेहतमंद मन व शरीर के लिए रात में सोने से पहले करें ये योगासन।

### शलभासन

नींद की समस्या से राहत पाने के लिए रात में सोने से आधे घंटे पहले शलभासन योगाभ्यास कर सकते हैं। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेट जाएं और दोनों हथेलियों को जांघों के नीचे रखें। अब पैर की एड़ियों को आपस में जोड़ते हुए पंजे सीधे रखें। फिर पैरों को ऊपर उठाते हुए गहरी सांस लें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद पूर्वावस्था में आ जाएं।

### शवासन



रात में नींद की समस्या से निजात पाने के लिए शवासन का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। ये योग भी रात में सोने से पहले किया जा सकता है। शवासन करने के लिए पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों के बीच एक फीट की दूरी रखें। फिर पैरों से पंजे की तरफ शरीर को ढीला छोड़ते हुए आराम से सांस लें और पूरा शरीर ढीला छोड़ दें। इस आसन से सभी थकी मांसपेशियों और कंधों को आराम मिलता है।

### उत्तानासन

उत्तानासन के नियमित अभ्यास से नींद पर जल्द फर्क नजर आने लगेगा। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब लंबी सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर ले जाएं और सांस छोड़ दें। फिर हाथों को नीचे जमीन की ओर ले जाएं और पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें।

### बालासन

रात में नींद नहीं आती, तो बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। इस आसन को करने से दिमाग शांत रहता है। बालासन करने के लिए वज्रासन पोज में बैठ जाएं और सांस को अंदर लेते हुए दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर उठाएं। फिर सांस बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। हथेलियों और सिर को जमीन पर टिकाकर रखें। अब सांस अंदर लेते और छोड़ते समय उंगलियों को आपस में जोड़े और सिर को दोनों हथेलियों के बीच में धीरे से रखें।



## मुंह मीठा करने के लिए बनाएं शुगर फ्री मिठाई

सभी त्यौहारों में मिठाई तो बनाई ही जाती है ऐसे में आजकल बहुत से लोग शुगर या डायबिटीज के मरीज हैं। शुगर के पेशेंट हमेशा ज्यादा मीठा या मिठाई नहीं खा सकते इसलिए त्यौहारों में उनकी मिठास को बढ़ाने के लिए शुगर फ्री मिठाइयां बनाई जा सकती है।

### ग्रिल्ड बादाम बर्फी

यह मिठाई मात्र तीन सामग्रियों की मदद से आधे घंटे से भी कम समय में बनकर तैयार हो जाएगी। इस मिठाई से त्यौहार का मजा को तो बढ़ेगा साथ ही, शुगर के मरीजों के मुंह में भी मिठास घोल देगी। मावा, बादाम, नारियल और चीनी के विकल्प के साथ तैयार यह मिठाई सभी को खूब पसंद आएगी। इस मिठाई को आंच या पैन पर नहीं बल्कि बेक करके बनाया जाता है, इसलिए यह खास भी है और खाने में अलग स्वाद के साथ टेस्टी भी।

### शुगर फ्री फिरनी

फिरनी एक पारंपरिक भारतीय डेजर्ट है। जो क्रीमी स्वाद से भरपूर है, इसे चावल के आटे से तैयार कर उसमें दूध, इलायची और ड्राई फ्रूट्स (ड्राई फ्रूट्स मिठाई) का इस्तेमाल किया जाता है। रात में भोजन के बाद यह मिठाई खाने के लिए बेस्ट है। इस मिठाई को आप बहुत ही कम समय में भी झटपट बना सकते हैं। पिस्ता,



बादाम, काजू और गुलाब की खुशबुओं से भरपूर इस मिठाई या डेजर्ट को हर कोई खाना पसंद करेंगे।

### ड्राई फ्रूट बर्फी

स्वास्थ्य की चिंता किए बिना इस स्वादिष्ट बर्फी (स्वादिष्ट बर्फी रेसिपी) का आनंद लें और चीनी के बिना मिठास से भरपूर यह एक बेहद ही हेल्दी मिठाई है, जो कि कई तरह के ड्राई फ्रूट्स से तैयार किया गया है। बिना शक्कर के इस्तेमाल के इस मिठाई को कुछ विकल्पों के साथ तैयार किया गया है। ड्राई फ्रूट्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए वैसे भी फायदेमंद रहता है, ऐसे में यदि उसे मिक्स करके मिठाई का रूप दिया जाए वह भी बिना चीनी के तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर करें तुलसी के उपाय, दूर हो जाएगी दरिद्रता

जन्माष्टमी की त्योहार पर आप भगवान श्री कृष्ण को अतिप्रिय तुलसी के पत्तों से सरल उपाय करके अपने घर से दुख और दरिद्रता को दूर सकती सकती हैं। इन उपायों को जन्माष्टमी के दिन पालन करने से जीवन में सुख, समृद्धि, और शांति का अनुभव हो सकता है। तुलसी की पूजा और इन विशेष उपायों के माध्यम से आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### नौकरी और व्यापार में उन्नति के लिए

यदि आप नौकरी या व्यापार में उन्नति चालिए लेकिन लाख प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है, तो जन्माष्टमी पर तुलसी माता को पीले रंग की चुनरी चढ़ाएं। इसके साथ भगवान श्रीकृष्ण से अपनी मनोकामना व्यक्त करें। यह उपाय आपकी मनोकामना को शीघ्र पूरा कर सकता है।

वैवाहिक जीवन और विवाह की बाधाओं को दूर करने के लिए जन्माष्टमी के दिन घर में नया तुलसी का पौधा लगाने से दांपत्य जीवन की समस्याएं हल हो सकती हैं।यह उपाय उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है, जिन्हें विवाह में अड़चनें आ रही हैं या बार-बार शादी टूट रही है। तुलसी के पौधे को घर में लगाने से वैवाहिक



जीवन में सुख और शांति का अनुभव होता है।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए

इस दिन एक छोटी सी कढ़ाई में आटा डालकर उसे देशी घी में भूनें। फिर इसमें शक्कर मिलाकर प्रसाद तैयार करें। इसमें केले और तुलसी के 11 पत्ते डालें और भगवान विष्णु को भोग लगाएं। यही प्रसाद अगर आप रोगी व्यक्ति को खिलाते हैं तो उसके स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

### घर में सुख-शांति के लिए

यदि घर में कलेश और अशांति बनी रहती है, तो जन्माष्टमी के दिन स्नान करने वाले पानी में तुलसी डाल लें। ऐसा करने से आपका मन शांत होगा और आप घरेलू समस्याओं को आसानी से सुलझा पाएंगे।

कार्नर न्यूज

जीवन के उतार-चढ़ाव के साथ आगे बढ़िए खुशहाल रहने

# शादी के सालों बाद रिश्ते में ताजगी बनाए रखने के तरीके, उम्र के साथ बढ़ेगा प्यार भी

आप दोनों ने जीवन भर घर-परिवार, बच्चों और रिश्तेदारों के लिए बहुत कुछ किया। क्या इस जिंदगी में आपके निजी रिश्ते भी थकने लगे हैं? पति-पत्नी का रिश्ता ऐसा होता है, जिसमें दोनों मिलकर हर उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए एक साथ आगे बढ़ते हैं। इन अनुभवों के साथ दोनों में एक-दूसरे के प्रति परवाह और आपसी समझ भी बढ़ती है। एक शादी जब काफी लंबी चलती है तो जोड़ों के बीच एक सही तालमेल भी बन जाता है, लेकिन कई बार यह समझदारी जीवन में बोरियत ला देती है और जीवन का आनंद गायब होने लगता है। जीवन भर घर-परिवार और पति-बच्चों की जिम्मेदारी संभालते-संभालते दोनों के रिश्ते में एक ठहराव आ जाता है। वैवाहिक जोड़े तब अलग हो जाते हैं, जब एक या दोनों पक्ष इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में असफल हो जाते हैं।



ऐसे में अपने विवाह को ताउम्र खूबसूरत और रिश्ते में ताजगी बनाए रखने के लिए बढ़ती उम्र में आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और आनंद बना रहे।


### आदतों में सुधार

क्या आप अक्सर यह सोचती रहती हैं कि पहले चीजें कैसी हुआ करती थीं और अब ये बदल चुकी हैं। ऐसा सोचने के बजाय परिवर्तन को स्वीकार करें और नए तरीके से जीवन का आनंद उनके साथ लें। आपसी बातों में कोई रहस्य न रखें और कोई भी बात सही समय पर और सही तरीके से बताएं। अपने जीवन-साथी से सलाह किए बिना कोई बड़ा निर्णय न लें।

एक धन्यवाद जीवन में खुशियां बिखेर सकता है, इसलिए अच्छी बातों के लिए धन्यवाद जरूर कहें। ऐसी पुरानी आदतें, जिनसे आपका साथी खुशी महसूस करता था, उन्हें दोबारा अपनाएं। आप शुरुआती दिनों के बारे में सोचें और उन आदतों पर विचार करें, जिन्होंने उस समय को इतना खास बना दिया था। मसलन, आप हमेशा एक साथ खाना खाते थे? या अपनी यादों की सबसे सुखद यात्रा के बारे विचार करें। वहां फिर जाने प्लान बनाएं। पुरानी आदतों को अपनाकर आप अपने रूखे जीवन में फिर से बहार ला सकती हैं।

### पूरा समय और ध्यान

विवाह को भले ही कितने ही साल बीत गए हों, लेकिन अपने जीवन-साथी को समय और महत्व देना बहुत जरूरी होता है। इससे रिश्ते में मजबूती आती है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियां निभाते हुए महिलाएं जीवन-साथी के साथ समय नहीं गुजार पातीं और रिश्ते में दूरी आ जाती है। इसलिए एक साथ समय गुजारना जरूरी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इसी साल खत्म होगा 'जोकर' फ्रेंचाइजी का सफर, सवाल उठे



साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'जोकर' के सीक्वल 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 4 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। जोकर के किरदार को पसंद करने वाले लोगों को उम्मीद है कि इसका तीसरा भाग भी देखने को मिलेगा, लेकिन फिल्म के निर्देशक टॉड फिलिप्स का ताजा बयान कुछ ओर ही इशारा कर रहा है। निर्देशक टॉड फिलिप्स ने 'जोकर' फ्रेंचाइजी पर वैराइटी से बातचीत के दौरान कहा कि मुझे लगता है कि हम जो हम कहना चाहते थे, वो कह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भले ही उन्होंने 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का निर्देशन किया और इसकी कहानी भी लिखी, लेकिन वो जोकर के किरदार से आगे बढ़ना चाहते हैं। फिलिप्स के इस बयान के बाद से इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसक हैरान हैं। वे 'जोकर 3' भी देखना चाहते हैं, लेकिन अब इसे लेकर चिंता सताने लगी है। वैसे दर्शक एक पुरानी घटना के आधार पर राहत की सांस भी ले सकते हैं। दरअसल, टॉड फिलिप्स 'जोकर' के दूसरे भाग को लेकर भी ज्यादा आश्वस्त नहीं थे। उनका इरादा एक ही फिल्म बनाने का था। वो तो पहले भाग के दौरान ही कह चुके थे कि 'जोकर' का किरदार निभाने वाले वॉकिन फीनिक्स पर ही निर्भर करता है कि क्या वो इस रोल को फिर से करना चाहते हैं। अब जैसा कि सभी जानते हैं कि 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' के रुप में फिल्म का दूसरा भाग रिलीज होने जा रहा है। ऐसे में, अगर ये फिल्म अच्छी चली और फीनिक्स भी तैयार रहे तो 'जोकर 3' पर बात बन सकती है।

### टॉलीवुड

## 'आरटी75' के सेट पर चोटिल हुए रवि तेजा, सर्जरी के बाद आराम की सलाह



रवि तेजा अपनी अगली फिल्म 'आरटी75' की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेता को फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई। अभिनेता के दाहिने हाथ की मांसपेशी फट गई बावजूद इसके उन्होंने दर्द को नजरअंदाज कर शूटिंग जारी रखी। हालांकि, उन्हें इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है। रवि तेजा को हाथ की सर्जरी करानी पड़ी है। डॉक्टरों ने अब उन्हें बेड रेस्ट पर रहने की सलाह दी है। रवि तेजा के एक प्रतिनिधि ने खबर की पुष्टि करते हुए एक बयान साझा किया। उन्होंने यह भी साझा किया कि अभिनेता अब पूरी तरह से ठीक होने के लिए छह सप्ताह तक काम से दूर रहेंगे। बयान में कहा गया है, 'मास महाराजा रवि तेजा को हाल ही में आरटी75 के फिल्मांकन के दौरान उनके दाहिने हाथ की मांसपेशियों में चोट लग गई। चोट के बावजूद, उन्होंने शूटिंग जारी रखी, जिससे दुर्भाग्य से स्थिति और बिगड़ गई।' बयान में आगे कहा गया है, 'कल, यशोदा अस्पताल में उनकी सफल सर्जरी हुई और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार, पूरी तरह ठीक होने के लिए उन्हें छह सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है।' हालांकि, अबतक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि रवि को शूटिंग के दौरान चोट कैसे लगी। रवि को हाल ही में हरीश शंकर की 'मिस्टर बच्चन' में देखा गया था जो स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की टक्कर पुरी जगन्नाध की 'डबल इस्मार्ट' से हुई। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में नाकाम रहीं। 'मिस्टर बच्चन' अजय देवगन अभिनीत 2018 की फिल्म 'रेड' का तेलुगु रीमेक है। हरीश ने कहानी को व्यावसायिक प्रारूप में ढाला, जो दर्शकों को पसंद नहीं आया।

### भोजपुरी

## पवन सिंह की 'आज हमार प्यार के शादी बा' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी फिल्मों के पावर स्टार पवन सिंह का गाना 'आई नहीं' जहां 'स्त्री 2' में धमाल मचा रहा हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी फिल्म 'आज हमार प्यार के शादी बा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फैंस के मुताबिक, ट्रेलर जबरदस्त है और उन्हें खूब पसंद आ रहा है। कुछ दिन पहले ही पवन सिंह ने फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया था, और अब फाइनली ट्रेलर आ गया है। दूसरी ओर, पवन सिंह की एक और फिल्म 'सूर्यवंशम' भी रिलीज होने वाली है। 'आज हमार प्यार के शादी बा' में पवन सिंह का एक्शन अवतार भी देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि रोमांस और कॉमेडी का भी तगड़ा डोज है। ट्रेलर में कुछ डायलॉग्स भी हैं, जो काफी धांसू हैं और फैंस को पसंद आ रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया है, 'डर से कभी मत डरना, पर सामने पवन सिंह हो तो जरूर डरना।' एक अन्य फैन ने लिखा है, 'भोजपुरी का पहला ब्रांड पवन सिंह ही है।' वैसे सिर्फ फैंस ही नहीं, अब तो पवन सिंह की पावर और स्टारडम राजकुमार राव ने भ मान लिया है। फिल्म 'स्त्री 2' में पवन सिंह का गाया गाना 'आई नहीं' ब्लॉकबस्टर हो चुका है और धड़ाधड़ रील्स बन रही हैं। इस गाने ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। एक पॉडकास्ट में राजकुमार राव ने पवन सिंह के लिए कहा कि लोग सच बोलते हैं कि वह स्टार हैं।

### सड़क का फैशन



लाइफ स्टाइल

यूरोप में इन दिनों 'स्ट्रीट स्टाइल' बेहतरीन फैशन ट्रेंड है। फैशन में यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। इस ट्रेंड में आप ऐसे कपड़े पहन रहे हैं जैसे कि आप अभी-अभी किसी स्पोर्ट्स इवेंट से निकल भागे हों। इस फैशन को मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट ने और ज्यादा चर्चित बना दिया है। पिछले दिनों कान्ये एक शो में 'स्ट्रीट स्टाइल' के साथ नजर आए। उनके चारों तरफ ढेर सारे मॉडल थे। इस शो की तारीफें भी खूब मिली।

## जींस के साथ वियर करें वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट, मिलेगी आपको तारीफ




फैशन

जींस के साथ अक्सर हमें क्रॉप टॉप या शर्ट पहनना ज्यादा पसंद होता है। वहीं कई सारी लड़कियां जींस के साथ पहनने के लिए कुर्ती भी खरीदती हैं। लेकिन हर बार उसी फैशन को फॉलो करके हम बोर हो जाते हैं। इसलिए हमेशा उसमें कुछ अलग चेंज करने के बारे में सोचते हैं। अगर आप भी कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं, तो जींस के साथ वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट को स्टाइल करें। इस तरह की टी-शर्ट डिजाइन पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसके बाद आपको कोई भी नया टॉप लेने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### प्लेन वी नेकलाइन टी-शर्ट



आप जींस के साथ सिंपल लुक के लिए प्लेन वी नेकलाइन वाली टी-शर्ट को खरीद सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, लुक को सिंपल रखती हैं। इस तरह की टी-शर्ट मार्केट में आसानी से मिल भी जाती है। जिसे आप अपनी जींस के कलर के हिसाब से खरीदकर वियर कर सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट आप लूज भी खरीदकर जींस के साथ पहन सकती हैं। मार्केट में यह टी-शर्ट आपको 100 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### कॉलर वी नेकलाइन टी शर्ट

अगर आपको टी-शर्ट में लुक सबसे अलग चाहिए, तो इसके लिए आप वी नेकलाइन वाली कॉलर टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी-शर्ट में कलर कंट्रास्ट के हिसाब से कॉलर दिया गया है। इससे यह क्लासी और सुंदर लग रही है। ऐसी टी-शर्ट भी जींस के साथ अच्छी लगती है। साथ ही, अलग-अलग कलर कंट्रास्ट के साथ मार्केट में आसानी से मिल जाती है। इस तरह की टी-शर्ट बाजार से लेने पर आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी।

### स्ट्राइप डिजाइन वाली वी नेकलाइन टी-शर्ट

अगर आपको किसी पार्टी में टी-शर्ट वियर करनी है, तो इसके लिए स्ट्राइप डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के डिजाइन वाली टी-शर्ट भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक पार्टी वाला लगेगा।

## नाखूनों को साफ-सुथरा रखने से लेकर मजबूत बनाने तक एक्सपर्ट की टिप्स



नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए अकी बातों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको नाखूनों के आस-पास की स्किन की भी उतनी ही अच्छे तरीके से देखभाल करनी चाहिए। लगातार नाखूनों की सही तरीके से देखभाल करने से आपके नेल्स साफ-सुथरे और मजबूत नजर आने लगेंगे। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे खास और आसान टिप्स बताने वाले हैं जिनकी सहायता लेकर आप आसानी से अपने नाखूनों की देखभाल कर सकते हैं।

### मैनीक्योर और पेडीक्योर कब करवाना चाहिए?

अगर आप चाहती हैं कि आपके नाखून हमेशा मजबूत और साफ रहें तो हफ्ते में कम से कम 1 बार तक आपको नेल केयर रूटीन पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आप घरेलू चीजों की सहायता भी ले सकती हैं। इसके लिए आप गुलाब जल, संतरे, बेसन जैसी कई चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कैसे करें नाखूनों की देखभाल?

सबसे पहले एक बाउल में हल्के गुनगुने पानी को डालें। इसमें अपने हाथों की उंगलियों को कम से कम 2 से 4 मिनट तक डूबोकर रखें। इसके बाद टूथब्रश की मदद से नाखूनों को अच्छी से साफ कर लें। ध्यान रहे कि इसके लिए आप हाथों के दबाव को कम से कम ही रखें। अब क्यूटीक्लस की देखभाल करना भी बेहद जरूरी होता है। इस दौरान क्यूटीक्लस को काटे नहीं, बल्कि इन्हें कॉटन की मदद से अंदर की तरफ दबा लें ताकि नाखून मजबूत रहे।इसके बाद आप हाथों को साफ करके हैण्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।ऐसा इसलिए क्योंकि गुनगुने पानी में रहने के कारण हाथों की त्वचा ड्राई हो जाती है। इसे मॉइस्चराइज करना भी जरूरी होता है और इसके लिए आप हैण्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।आखिर में आप नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए ट्रांसपेरेंट कलर की नेल पेंट लगा सकती हैं।

## हाथों की उंगलियां रहती हैं बहुत ज्यादा ड्राई, तो इसे अपनाएं



ड्राई स्किन और उंगलियों की समस्या तब होती है, जब हम कम पानी पीते हैं या शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में आप दिन में तीन से चार लीटर पानी पिएं। इससे ड्राईनेस की सभी समस्याओं से निजात मिल सकती है।

हाथ और उंगलियों की घी, मक्खन या बटरसे मालिश करें। घी में चीजों को चिकना करने के गुण होते हैं, ऐसे में रात में सोने से पहले हाथ और उंगलियों में घी से मालिश करें। जैतून के तेल को नेचुरल मॉइस्चराइजर कहा जाता है। इसे अपनी उंगलियों पर थोड़ी मात्रा में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। आप चाहें तो इसमें थोड़ा शहद भी मिलाएं इससे बेहतर रिजल्ट मिलेगा। ओटमील को पहले गर्म पानी में भिगोकर पेस्ट बना लें और इसे उंगलियों पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे उंगलियों की ड्राईनेसतो दूर होगी ही साथ ही, स्किन रिपेयर भी होगी। यदि आप ज्यादा कपड़े धोती हैं, बर्तन धोती हैं या पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहती हैं, तो अपने हाथों को ड्राईनेस से बचाने के लिए ग्लव्स पहनकर काम करें। इसके अलावा हार्ड डिटर्जेंट और पाउडर के इस्तेमाल से बचें। हार्ड डिटर्जेंट और सोप आपके हाथ और उंगलियों को ड्राई करते हैं।

## बालों को रखना है हेल्दी तो इन तरीकों से प्याज का करें इस्तेमाल



प्याज बालों के लिए काफी फायदेमंद होती है बालों में प्याज लगाने से जड़ें मजबूत होती है और पोषण मिलता है। बालों को घना करने के लिए भी प्याज का इस्तेमाल किया जाता है। इससे वो टूटने कम हो जाते हैं और सफेद भी नजर नहीं आते हैं। ।ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट पोषक तत्व पाए जाते हैं। इससे बालों के स्कैल्प में मजबूती आती है और वह हेल्दी रहते हैं आप भी अपने बालों के लिए प्याज को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं।

प्याज और नारियल के तेल से बनाएं हेयर मास्क

बालों के लिए प्याज काफी असरदार होती है वैसे ही नारियल तेल भी बालों को नरिश करता है। इसलिए ज्यादातर लोग इसका इस्तेमाल अक्सर अपने बालों में चंपी करने के लिए करते हैं।

### हेयर मास्क बनाने का तरीका


इसे बनाने के लिए सबसे पहले प्याज को चिले और छोटे-छोटे टुकड़ों में काटे। अब इसे मिक्सर ग्राइंडर में डालकर अच्छे से पीछे और एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें। फिर उसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद इस मिश्रण को एक बर्तन में लेकर गैस पर रखें और गर्म होने दे। फिर इसे अपने बालों में अप्लाई करें और अच्छे से स्कैल्प पर मसाज करें। इसे अपने बालों में 1 से 2 घंटा लगे रहने दे फिर शैंपू से अपने बालों को साफ कर ले। इसके इस्तेमाल से बोल नरेश होते हैं टूटना कम हो जाते हैं और उनके ग्रोथ (बालों को बढ़ाने के घरेलू उपाय) भी काफी अच्छी हो जाती है। प्याज और हल्दी का पेस्ट बनाकर बालों में लगाएं।

कार्नर न्यूज

### बदलते दौर में फैशन का ट्रेंड भी नया हुआ, महिलाएं अपना रही

## 'नो मेकअप लुक' है आजकल चलन में ट्राई करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

*एक समय था, जब हर उम्र की महिला काफी हैवी मेकअप करना पसंद करती थी। डार्क आईलाइनर, डार्क लिपस्टिक और हैवी फाउंडेशन तो जैसे हर महिला की पहली पसंद था लेकिन अब जैसे-जैसे समय बदल रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं की पसंद भी बदलती जा रही है। अब महिलाएं हैवी मेकअप की जगह नो मेकअप लुक को कैरी करना ज्यादा पसंद करती हैं। नो मेकअप लुक कैरी करने से ना सिर्फ चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगते हैं, साथ ही में ये हर कार्यक्रम के लिए परफेक्ट भी होता है।*



### फाउंडेशन से बनाएं दूरी

अगर आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाह रही हैं तो फाउंडेशन से दूरी बना लें। दरअसल, फाउंडेशन लगाने क बाद इसकी मोटी लेयर अलग से दिख जाती है, जो आपके नो मेकअप लुक को खराब कर सकती है।

### करें कंसीलर इस्तेमाल

फाउंडेशन की बजाय आप कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे के दाग-धब्बे छिप जाएंगे और पता भी नहीं लगेगा कि आपने चेहरे पर कुछ लगाया है।

### जरूर लगाएं प्राइमर

नो मेकअप लुक में भी प्राइमर काफी जरूरी होता है। प्राइमर लगाने से स्किन ग्लो करती है। इसे लगाते वक्त ध्यान रखें कि इसकी लेयर ज्यादा मोटी ना होने पाए।

### गालों पर लगाएं हल्का सा ब्लश

अपने नो मेकअप लुक को पूरा करने के लिए हल्के रंग का ब्लश लगाएं। ध्यान रखें कि इसकी मात्रा ज्यादा ना हो। नो मेकअप लुक में हल्का सा ब्लश काफी रहता है।



### काजल है जरूरी

अगर आप नो मेकअप लुक में काजल लगाएंगी तो इससे आपकी आंखों की सुंदरता कई गुना बढ़ जाएगी। वरना आंखें सूजी-सूजी दिखाई देंगी।

### न्यूड लिपस्टिक को दें प्राथमिकता

नो मेकअप लुक में न्यूड लिपस्टिक की काफी अहम भूमिका होती है। आप चाहें तो लाइट पिंक रंग का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।